जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 44 प्रभात बीकानेर, बुधवार 4 सितम्बर, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.


## आर.पी.एस.सी. का तुरन्त पुनर्गठन आवश्यक- सचिन पायलट

### उन्होंने कहा, ''मैंने आर.पी.एस.सी. की कार्यप्रणाली पर जो कहा था, उसकी अब पुष्टि हो रही है''

- **पायलट ने कहा, ''ई.डी. तथा एस.ओ.जी. द्वारा पेपर लीक प्रकरण में की गई गिरफ्तारियों से आर.पी.एस.सी. की विश्वसनीयता समाप्त हो गयी है।''**
- **पायलट ने कहा, ''रीट, सैकण्ड ग्रेड टीचर, सब इन्सपैक्टर जूनियर इंजीनियर, वन रक्षक और दर्जनों पेपर लीक प्रकरणों से बेरोज़गार युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हुआ है।''**

जयपुर, 3 सितम्बर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राज्य सरकार से प्रदेश की प्रतिष्ठित संवैधानिक संस्था ''राज्य लोक सेवा आयोग'' की विश्वसनीयता को पुनर्स्थापित करने के लिए इसका पुनर्गठन करवाने की मांग की है।

पायलट ने कहा कि सितम्बर, 2023 में ई.डी. द्वारा सैकण्ड ग्रेड टीचर भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में आर.पी.एस.सी. सदस्य बाबूलाल कटारा को गिरफ्तार किया गया था और अब स्पैशल ऑपरेशन ग्रुप ( एस.ओ.जी.) द्वारा सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में आर.पी.एस.सी. के पूर्व सदस्य रामूराम राईका को गिरफ्तार किया गया है। ई.डी. एवं एस.ओ.जी. द्वारा पेपर लीक प्रकरणों में की गई इन गिरफ्तारियों से आर.पी.एस.सी. जैसी प्रतिष्ठित संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लग गया है। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी आर.पी.एस.सी. की कार्यप्रणाली और चयन प्रक्रिया को लेकर अपना पक्ष रखता आया हूँ और उन बातों की अब पुष्टि भी हो रही है।

उन्होंने कहा कि रीट, सैकण्ड ग्रेड टीचर, सब इंस्पेक्टर, जूनियर इंजीनियर, वन रक्षक सहित दर्जनों परीक्षाओं के पेपर लीक होने से प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हुआ है और उनके माता-पिता, परिवारजनों में निराशा व्याप्त हो गई है। युवाओं को अपना भविष्य अंधकार में लग रहा है और वे पूरी तरह से हतोत्साहित हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों युवा, जो विपरीत परिस्थितियों में पढ़-लिखकर नौकरी पाने के लिए परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे हैं और उनके माता-पिता जो दिन-रात मेहनत करके पैसे जुटाकर अपने बच्चों को शिक्षा के संसाधन उपलब्ध करवा रहे हैं, उन सभी में इन नित नए खुलासों से संशय की स्थिति बन रही है कि पेपर लीक होने पर मेहनत विफल न हो जाये।

पायलट ने कहा कि हाल ही के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कीनिया में प्रमुख एयरपोर्ट का टेक ओवर करेंगे अडानी

-सुकुमार शाह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। अडानी एंटरप्राइज़ेज ने कीनिया में एक सब्सिडरी कम्पनी बनाई है क्योंकि अडानी ने कीनिया के जोमो कीनियाटा एयरपोर्ट खरीदने के प्रयास तेज कर दिए है। हालांकि स्थानीय ट्रांसपोर्ट वर्कर इसका भारी विरोध कर रहे हैं। अडानी की मुख्य कम्पनी, जिसके मुखिया गौतम अडानी हैं, ने कीनिया में एयरपोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर पी.एल.सी. (ए.आई.पी.) शुरु की है। यह जानकारी मुम्बई स्थित भारत के नैशनल स्टॉक एक्सचेंज से प्राप्त हुई है।

- **कीनिया के इस एयरपोर्ट के कर्मचारी इस टेक ओवर के खिलाफ हड़ताल पर उतरे, उन्हें अपनी नौकरी की सुरक्षा की चिंता है।**

पता चला है कि ए.आई.पी. को एयरपोर्ट्स के अधिग्रहण, संचालन, रखरखाव, विकास, डिज़ाइन, निर्माण, अपग्रेडेशन, आधुनिकीकरण और प्रबंध के लिए बनाया गया है। कीनिया की सब्सिडरी, जिसका स्वामित्व अडानी एंटरप्राइज़ेज के पास है, के पास अबूधाबी की अडानी की सब्सिडरी ग्लोबल एयरपोर्ट्स ऑपरेटर के जरिए 6.75 मिलियन कीनियन शिलिंग के शेयर्स हैं। हालांकि ए.आई.पी. ने अभी काम शुरु नहीं किया है, पर इस कदम से ऐसा लगता है कि अडानी कीनिया के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अन्तर्राष्ट्रीय निवेश लाने के लिये मुख्यमंत्री द.कोरिया व जापान जायेंगे

### ''राइज़िंग राजस्थान'' समिट के लिये राज्य सरकार यूनाईटेड किंगडम, ज़र्मनी व संयुक्त अरब अमीरात में भी निवेशक शो करेगी

- **11 से 13 सितम्बर की जापान यात्रा में टोक्यो में रोड शो, नीमराना-डे सैलिब्रेशन तथा कॉरपोरेट मीटिंग आयोजित की गयी हैं।**
- **10 सितम्बर को दक्षिण कोरिया में कोरिया स्टोन एसोसिएशन के साथ राउण्ड टेबल कॉन्फ्रैंस होगी।**
- **दक्षिण कोरिया व जापान में इन्फ्रास्ट्रक्चर, केमिकल्स, ऑटोमोबाइल, इलैक्ट्रॉनिक्स तथा खाद्य प्रसंस्करण आदि के क्षेत्र में अब विशेष ध्यान दिया जायेगा।**

जयपुर, 3 सितम्बर (का.सं.)। मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में ''राइजिंग राजस्थान'' समिट की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ''राइजिंग राजस्थान'' समिट में बड़े निवेशकों को लाने के लिए राज्य सरकार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निवेशक रोड-शो का आयोजन करने जा रही है। इसी क्रम में 9 से 10 सितंबर को साउथ कोरिया एवं 11 से 13 सितंबर तक जापान में रोड-शो, वन-टू-वन मीटिंग एवं एम.ओ.यू. करके इन्फ्रास्ट्रक्चर, केमिकल्स, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रोनिक्स एवं खाद्य प्रसंस्करण आदि के संबंध में निवेश करने के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि साउथ कोरिया के सियोल शहर में 9 सितम्बर को टूरिज़्म रोड-शो का आयोजन किया जाएगा। दस सितम्बर को कोरिया स्टोन एसोसिएशन के साथ राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस की जाएगी। इसके बाद 11 से 13 सितम्बर की अवधि में जापान के टोक्यो शहर में रोड-शो, नीमराना-डे सेलिब्रेशन एवं कॉर्पोरेट कंपनीज़ के साथ मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी समय में राज्य सरकार यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी एवं संयुक्त अरब अमीरात आदि कई देशों में भी इस तरह का आयोजन करेगी।

शर्मा ने कहा कि ''राइजिंग राजस्थान'' के तहत राज्य सरकार देश और विदेश के विभिन्न शहरों में निवेशक रोड शो आयोजित कर रही है, ताकि विश्वभर के निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया जा सके। इस माह के अंत में राज्य सरकार दिल्ली में निवेशक रोड-शो का आयोजन करने जा रही है। शर्मा ने कहा कि अधिकारी प्रवासी राजस्थानी उद्योगपतियों से भी समन्वय स्थापित कर उन्हें निवेश संबंधी सभी आयोजनों से जोड़ना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। 9 से 11 दिसंबर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'वेतन से ज्यादा रिटायरमैंट बैनिफिट्स, कैसे?'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। कांग्रेस ने मंगलवार को सेबी चीफ माधुरी बुच को किए गए भुगतान पर आई.सी.आई.सी.आई. बैंक द्वारा किए गए बचाव पर जवाबी प्रहार किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जिन्होंने माधवी को सेबी प्रमुख के पद पर नियुक्त किया था, से सवाल किए। कांग्रेस ने कहा कि बैंक के बचाव ने और ज्यादा सवाल खड़े कर दिए है।

- **कांग्रेस ने यह सवाल किया, क्योंकि आई.सी.आई.सी.आई. बैंक ने माधवी पुरी बुच को दी गई भारी राशि को रिटायरमैंट बैनिफिट्स बताया है। कांग्रेस ने कहा, माधवी को बैंक से वेतन मिला, 1.3 करोड़ रूपए वार्षिक और पैन्शन मिली 2.77 करोड़ रूपए वार्षिक**

कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रैस कॉन्फ्रैंस में कहा कि बैंक ने उन्हें वेतन से ज्यादा पैंशन दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बुच 2017 से 2024 के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## विचार बिन्दु

गुलामों की अपेक्षा उन पर अत्याचार करने वाले की हालत ज्यादा ख़राब होती है। –महात्मा गाँधी

# ''हील इन राजस्थान'' किसकी कीमत पर

खबर है कि राजस्थान सरकार प्रदेश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक नीति लाने की योजना बना रही है। कहा गया है कि हील इन राजस्थान नाम की यह नीति इस प्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक मॉडल राज्य बनायेगी जिससे निवेश और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

सरकार की ओर से ऐसी घोषणाएं होना फैशन हो चला है। आम तौर पर लोकप्रियता पाने के लिये ऐसी घोषणाएं होती हैं जिनके निहितार्थ भी होते हैं। नीतियों की समीक्षा उनके ध्येय और परिणामों को देख कर की जा सकती है। किसी नीति से लोग क्या चाहते हैं और उन्हें उससे हासिल क्या होता है यह देखने की बात है। सरकार नीतियां बनाती है मगर उसके बाद कभी उनकी समीक्षा हुई हो किसी को याद नहीं पड़ता। यह भी सच है कि सरकारी नीतियां बनाने में आम जन की कोई सक्रिय भागीदारी नहीं होती, भले ही सार्वजनिक रूप से विचार आमंत्रित करने की रस्में निभाई जाती रहती हैं। आम जन उनके प्रति उदास ही रहता है, क्योंकि उसने लंबे अनुभव से जान लिया है कि यह सब बातें हैं बातों का क्या। इसलिये यह तो नीति बनने के बाद ही पता चलेगा कि हील इन राजस्थान का नया फैसला पहले से चल रही मेडिकल टूरिज़्म की अवधारणा से कैसे कुछ अलग कर पाएगा। यह भी सब जानते हैं कि उद्योग और निवेश की नीतियां बाजार की ताकतों के प्रभाव से बनती हैं। यह बात भी विद्वान लोग सहमत हैं कि जिनके हाथ में पैसे की ताकत होती है उन्हें कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि कानून कौन बना रहे हैं। दुनिया में शस्त्रों के बाद चिकित्सा व दवा सबसे बड़ा उद्योग है जो पश्चिम के पूंजीवादी जगत से बाहर नई उभर रही अर्थव्यवस्थाओं में अपना वर्चस्व बढ़ा कर अपने बाज़ार की राहें प्रशस्त करने में लगा है। मरीजों के रोगों का निदान, उनका इलाज और उनकी देखभाल नई अर्थ व्यवस्था में मुनाफा देने वाला बड़ा उद्योग है और वह मौजूदा समय में देश में सर्वत्र फल–फूल रहा है। राजस्थान में पिछले काफी समय से राज्य ने शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों को पूरी तरह बाजार के हवाले कर दिया है। यह स्पष्ट है कि हील इन राजस्थान नीति बाज़ार के खिलाड़ियों को जमीनें तथा नयी ढांचागत सुविधाएं देने के विधिक प्रबंध करने के लिये लाई जा रही है। सरकार की तरफ से यह कहा जाना कि इस नीति से ;फार्मा और होटल व्यवसाय समेत अन्य उद्यमों को भी बढ़ावा मिलेगा;, इस कदम के पीछे की नीयत को स्पष्ट करता है। यह वैसे ही है जैसे शिक्षा की निजी संस्थानों को बढ़ावा देने की नीतियों से जनता पहले देख चुकी है और जिसका खामियाजा समाज को अब बेदर्दी से भुगतना पड़ रहा है। नीति के समर्थन में निवेश आने की बात की गई है उसका आशय भी स्पष्ट है कि अस्पतालों और उनके संचालन के लिए जरूरी भवनों, उपकरणों तथा मानव संसाधनों में पैसा लगाने के लिये सस्ती ज़मीनें और ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि निवेशक उनसे मुनाफा कमा सकें।

लोकतंत्र में सरकार की जवाबदेही विधायिका के प्रति होती है। मगर विधायकों की जवाबदेही मतदाताओं के प्रति कितनी है इसकी हकीकत हर कोई जानता है। फिर भी निर्वाचित सरकार से यह जरूर पूछा जाएगा कि क्या राजस्थान के परंपरागत पर्यटन में इतनी पूर्णता प्राप्त कर ली गई है कि अब पर्यटन के लिये चिकित्सा के नये क्षेत्र खोजने पड रहे हैं। या कि क्या हमारी नागरिक सुविधाओं का ढांचा इतना मजबूत बना लिया गया है कि हम पर्यटकों को अपना सुंदर चेहरा दिखा सकें? और इनसे भी पहले यह कि क्या प्रदेश के नागरिकों को चिकित्सा और स्वास्थ्य की सामान्य व्यवस्था पूरी तरह और माक़ूल तौर पर मुहैया हो गई है? क्या इससे समूचे चिकित्सा और स्वास्थ्य तंत्र में असंतुलन नहीं पैदा हो जाएगा जो गरीब की कीमत पर होगा? मगर अब तो गरीब आदमी के वोट से चुनी सरकार से लोगों ने यह पूछना ही छोड़ दिया है कि नीतियों के नाम पर यह कैसा मायाजाल फैलाया जा रहा है? क्या निर्वाचित सरकारों का ऐसा आचरण लोकतंत्र में स्वीकार्य होना चाहिए? भारत के संविधान के भाग चार के अनुच्छेद 36–51 में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित बातों का वर्णन हैं। ये अनुच्छेद भारत के लोगों के लिए स्वास्थ्य का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए राज्यों का कर्तव्य बताते हैं। अनुच्छेद 47 में सार्वजनिक स्वास्थ्य, पोषण और जीवन स्तर में सुधार करना राज्य का प्राथमिक कर्तव्य बताया गया है। राज्य को औषधीय प्रयोजनों को छोड़कर, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दवाओं और नशीले पेय पदार्थों के सेवन पर भी प्रतिबंध लगाने की अनुशंषा भी इसमें शामिल है। अनुच्छेद 38 राज्य को एक सामाजिक व्यवस्था सुरक्षित करने के लिए उत्तरदायी ठहराता है। अनुच्छेद 39 (ई) श्रमिकों के स्वास्थ्य की रक्षा का राज्य को निर्देश देता है। इसमें राज्य के अन्य कर्तव्य भी शामिल हैं, जैसे बीमारों, बुजुर्गों और विकलांगों को सार्वजनिक सहायता प्रदान करना, माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा करना और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रदूषण मुक्त वातावरण सुनिश्चित करना आदि। मगर खुद सरकार के आंकडों से पता चलता है कि पिछले दो दशकों में देश की आबादी में रुग्णता की दर में भारी वृद्धि हुई है, खासकर गैर–संचारी रोगों के लिए। भारत में होने वाली मौतों के कुल कारणों में गैर–संचारी कारणों से होने वाली मौतों की हिस्सेदारी कुल मौतों में अब तक के उच्चतम 66 प्रतिशत पर है। पुरानी बीमारियों में वृद्धि के साथ, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के आंकड़ों से भी एक चिंताजनक प्रवृत्ति का पता चलता है। हमें यह भी ध्यान में रखना है कि भारत की जनसंख्या वृद्धावस्था की ओर बढ़ रही है, समग्र मृत्यु दर में कमी आ रही है, लेकिन रुग्णता दर, विशेष रूप से पुरानी गैर–संचारी रोगों से बोझ, पहले से कहीं अधिक बढ़ रहा है। नीति निर्माताओं को स्वास्थ्य विशेषज्ञ निरंतर चेताते या रहे हैं कि भारत का स्वास्थ्य बोझ उच्च मृत्यु दर से उच्च रुग्णता की ओर बढ़ रहा है, जिसके लिए बढ़ती आबादी में निवारक देखभाल और पुरानी बीमारियों के प्रबंधन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सतत विकास लक्ष्य 2030 भी रोकथाम और उपचार के माध्यम से संचारी रोगों की महामारी को समाप्त करने और गैर–संचारी रोगों से होने वाली असामयिक मृत्यु दर को एक तिहाई तक कम तक लाने की बात करते हैं। स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने, गैर–संचारी रोगों का शीघ्र पता लगाने और स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच को बढ़ावा देने वाले सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप महत्वपूर्ण होते हैं जिसमें राज्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। स्वस्थ भविष्य के लिए पोषण और स्वास्थ्य देखभाल तक आम आदमी की सहज पहुंच सुनिश्चित करना आवश्यक है जिसके लिये संविधान के निर्देश भी है। किन्तु आम आदमी के नाम पर बनने वाली अधिकतर नीतियां मुनाफाखोर बाजार की ताकतों के भले के लिये बनती है। हील इन राजस्थान नीति को इसी परिपेक्ष्य में समझना होगा और आम नागरिक को जागरूक होना होगा कि उनके द्वारा चुकाये जाने वाले करों का पैसा किनकी जेब में जाने के लिये खर्च किया जाता है। आयकर को छोड़ दें तो उसके अलावा भी आम आदमी को कदम–कदम पर सरकारी शुल्क चुकाने पड़ते हैं जिनके बारे में लेखा परीक्षण की संवैधानिक संस्था सीएजी हर साल अपनी रिपोर्टों में ऐसी–ऐसी अनियमितताऐं उजागर करती है जो किसी को भी परेशान कर सकती है। वे विधायिका के समक्ष प्रस्तुत की जाती है ताकि कार्यपालिका पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। मगर भ्रष्टाचार की सुरसा का मुंह बढ़ता जाता ही दिखता है।

> **सरकारी व्यवस्थाओं की जो दुर्दशा है उसको ठीक करने की नीति बनाने की किसी को याद नहीं आती। बिना ढांचागत व्यवस्था बनाये सरकारी और निजी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोल देना और सरकारी अमले के वेतन भत्तों के बढ़ते खर्चों के लिये बजट आवंटन बढ़ा देने भर से संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांत पूरे नहीं होते। यह घोषणा भर कर देने से कि ;स्वास्थ्य देखभाल राज्य के लिए एक मुख्य प्राथमिकता है लोक कल्याणकारी चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित नहीं होती।**

सवाल उठता है कि क्या बाजार में अंधाधुंध मुनाफा कमाने वाली की शक्तियों के हित में बनाई जाने वाली लोक लुभावन नीतियों पर उन मतदाताओं का कोई नियंत्रण है जिनके जीवन को वे प्रभावित करने वाली है? बहुतों को लगता है कि नई सरकार भी पिछली अशोक गहलोत सरकार जैसी शगूफ़ेबाजी और प्रचार के प्रपंच में पड़ रही है। नई नीति में नया क्या होगा? अब तक यह 'मेडिकल टूरिज़्म' नाम से इसे पहचाना जाता था। बाजार की ताकतें नाम और रैपर बदल कर पुराना साबुन नया बता कर बेचने का हुनर रखती हैं। ऐसी नीतियां सत्तारूढ़ पार्टी का संगठन नहीं बनाता। नीति के नाम पर अधिक सुविधाएं मुनाफे वाले निजी संस्थानों को देने के नये–नये तरीके नौकरशाही तैयार करती है। दुर्भाग्य से हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि इतने अनाड़ी होते हैं कि उन्हें खबर ही नहीं होती कि नौकरशाही उनसे क्या खेल खिला रही है। मसौदा नीति के अनुसार, राजस्थान का स्वास्थ्य देखभाल का बुनियादी ढांचा मजबूत है और इसका लगातार विस्तार हो रहा है। सरकारी और निजी क्षेत्र में 8,000 से अधिक अस्पताल हैं। इनमें से 400 से अधिक मल्टी–स्पेशियलिटी या सुपर–स्पेशियलिटी संस्थान हैं। किन्तु चिकित्सा और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे की ज़मीनी हकीकत से कौन वाकिफ नहीं है! सरकारी व्यवस्थाओं की जो दुर्दशा है उसको ठीक करने की नीति बनाने की किसी को याद नहीं आती। बिना ढांचागत व्यवस्था बनाये सरकारी और निजी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोल देना और सरकारी अमले के वेतन भत्तों के बढ़ते खर्चों के लिये बजट आवंटन बढ़ा देने भर से संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांत पूरे नहीं होते। यह घोषणा भर कर देने से कि ;स्वास्थ्य देखभाल राज्य के लिए एक मुख्य प्राथमिकता है लोक कल्याणकारी चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित नहीं होती। स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के असमान वितरण की तकलीफ गरीब ही भुगतता है। काश नीति निर्माताओं को यह समझ आये।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# डिजिटल अरेस्ट : एक नवीनतम साइबर अपराध



प्रो. अशोक कुमार

डिजिटलाइजेशन के जमाने में साइबर अपराधी रोजाना नए–नए तरीके अपनाकर लोगों को साइबर ठगी का शिकार कर रहे है। साइबर अपराधी लोगों को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर देश के विभिन्न स्थानो पर साइबर ठगी कर रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट एक नवीनतम साइबर अपराध है जिसमें ठग पुलिस, सीबीआई या कस्टम अधिकारी बनकर आपको कॉल करते हैं और डरा–धमकाकर घर पर ही बंधक बना लेते हैं। वे आपको बताते हैं कि आप किसी अपराध में शामिल हैं और आपको गिरफ्तार किया जाएगा। फिर वे आपको पैसे देने के लिए मजबूर करते हैं ताकि आपकी गिरफ्तारी से बचा जा सके।

**डिजिटल अरेस्ट का इतिहास:** – डिजिटल अरेस्ट एक अपेक्षाकृत नया शब्द है, जो तकनीक के बढ़ते उपयोग और साइबर अपराधों में वृद्धि के साथ उभरा है। हालांकि, इसके मूल में छिपी तकनीकें और धोखे बहुत पुरानी हैं। धोखाधड़ी का इतिहास मानव सभ्यता जितना पुराना है। लोग हमेशा से धन या अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए दूसरों को धोखा देते रहे हैं। तकनीक के विकास के साथ धोखे के तरीके भी बदलते गए। पहले लोग व्यक्तिगत रूप से संपर्क करके धोखा देते थे, फिर टेलीफोन का उपयोग हुआ, और अब इंटरनेट और मोबाइल फोन का उपयोग किया जा रहा है। इंटरनेट के आगमन के साथ साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई। हैकिंग, फिशिंग, और रैंसमवेयर जैसे अपराध आम हो गए। डिजिटल अरेस्ट का मूल टेलीमार्केटिंग धोखे में देखा जा सकता है। जहां ठग लोगों को फोन करके विभिन्न उत्पादों या सेवाओं को बेचने की कोशिश करते थे, वहीं धीरे–धीरे उन्होंने धमकी और डराने की रणनीति अपना ली। इंटरनेट के व्यापक उपयोग के साथ, साइबर अपराध भी बढ़ गए। धोखेबाजों ने लोगों को लुभाने के नए तरीके खोजने शुरू कर दिए। कोविड–19 महामारी के दौरान, जब लोग अधिक ऑनलाइन थे, डिजिटल अरेस्ट जैसे धोखे और भी आम हो गए। डिजिटल अरेस्ट इन साइबर अपराधों का ही एक रूप है। इसमें साइबर अपराधी पुलिस या अन्य सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को डरा–धमकाकर पैसा ऐंठते हैं। यह धोखा उन लोगों को निशाना बनाता है जो तकनीक से पूरी तरह परिचित नहीं हैं।

**डिजिटल अरेस्ट कैसे होता है?** – डिजिटल अरेस्ट के शुरुआती दिनों में साइबर अपराधी ईमेल या टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से संपर्क करते थे। बाद में सोशल मीडिया का उपयोग करके लोगों को निशाना बनाया जाने लगा। अब साइबर अपराधी वॉयस कॉलिंग का उपयोग करके लोगों को डरा–धमकाते हैं। समय के साथ डिजिटल अरेस्ट के तरीके अधिक परिष्कृत होते जा रहे हैं। साइबर अपराधी अब अधिक यथार्थवादी लगने वाले कॉल और वीडियो का उपयोग करते हैं।

आपको अक्सर किसी अज्ञात नंबर से कॉल आएगा जिसमें खुद को पुलिस, सीबीआई या कस्टम अधिकारी बताया जाएगा। वे आपको डरा–धमकाकर बताएंगे कि आप किसी गंभीर अपराध में शामिल हैं और आपके खिलाफ वारंट जारी हो चुका है। वे आपसे आपका बैंक खाता नंबर, पासवर्ड और अन्य गोपनीय जानकारी मांगेंगे। पैसे देने के लिए मजबूर करना: वे आपको पैसे देने के लिए मजबूर करेंगे ताकि आपकी गिरफ्तारी से बचा जा सके।

**डिजिटल अरेस्ट क्यों खतरनाक है?** – इस धोखे में आप अपना सारा पैसा गंवा सकते हैं। इस तरह के धोखे से आप मानसिक रूप से बहुत परेशान हो सकते हैं। इस धोखे में आपकी व्यक्तिगत जानकारी चोरी हो सकती है जिसका उपयोग अन्य अपराधों में किया जा सकता है।

**डिजिटल अरेस्ट से कैसे बचें?** – अगर कोई अज्ञात नंबर से कॉल आता है तो उसे उठाएं नहीं। पुलिस कभी भी फोन पर पैसे नहीं मांगती! अगर कोई खुद को पुलिस अधिकारी बताकर पैसे मांगता है तो समझ जाएं कि यह धोखा है। अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर, पासवर्ड आदि किसी को न बताएं। सावधान रहें और संदेह होने पर किसी विश्वसनीय व्यक्ति से सलाह लें: अगर आपको कोई संदेह होता है तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति जैसे परिवार के सदस्य, दोस्त या पुलिस से सलाह लें। पुलिस कभी भी फोन पर पैसे नहीं मांगती। अगर आपको कोई ऐसा कॉल आता है तो तुरंत पुलिस में शिकायत करें।

**निष्कर्ष:**– डिजिटल अरेस्ट एक ऐसा धोखा है जो लगातार विकसित हो रहा है। साइबर अपराधी नए–नए तरीके खोज रहे हैं लोगों को धोखा देने के लिए। इसलिए, हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अज्ञात नंबर से आने वाले कॉल पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय,**
**विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय**

# भारत सरकार को सुझाव : आवश्यकता है एनसीसी व स्काउट गाइड को आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित किए जाने की



सुनील दत्त गोयल

भारत, एक ऐसा देश है जहां प्राकृतिक आपदाएँ जैसे बाढ़, भूकंप, आगजनी, रेल, सड़क, पुल दुर्घटनाएँ, बड़े समारोहों में भगदड़ और चक्रवात जैसी घटनाएँ अक्सर होती हैं, आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूत करने की सख्त आवश्यकता है। इस दिशा में राष्ट्रीय कैडेट कोर और स्काउट गाइड जैसे संगठनों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो सकती है। वर्तमान में, ये संगठन देश की युवा शक्ति को अनुशासन, नेतृत्व, और सामाजिक सेवा की दिशा में प्रशिक्षित कर रहे हैं।

सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्कूलों के पाठ्यक्रमों में ऐसे बदलाव हों जिससे इन बच्चों को प्रारम्भ से ही आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग मिल सके। साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में आपदा प्रबंधन का स्पेशलाइजेशन हो और इन संगठनों के छात्रों को इसमें प्राथमिकता दी जाए।

इसके अतिरिक्त, राज्य और केंद्र सरकारों में उनकी भर्ती में प्राथमिकता देने से एक सशक्त कार्यबल तैयार किया जा सकता है जो न केवल आपदाओं में बल्कि बड़े सामाजिक, धार्मिक, और राजनीतिक आयोजनों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा। इस प्रकार का आत्मरक्षा बल तैयार करना राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

**एनसीसी और स्काउट गाइड का महत्व**

एनसीसी और स्काउट गाइड के माध्यम से छात्रों को अनुशासन, नेतृत्व, और आपातकालीन प्रतिक्रिया कौशल सिखाए जाते हैं। ये संगठन छात्रों को आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित करके देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही, इन संगठनों में शामिल होने से छात्रों में राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना भी विकसित होती है।

**एनसीसी के आंकड़े**

**कुल कैडेट्स:** वर्तमान में ण्ण में लगभग 17 लाख कैडेट्स हैं, और सरकार ने इसे अगले 10 वर्षों में 27 लाख तक बढ़ाने की योजना बनाई है।

**सक्रिय शाखाएँ:** NCC के देशभर में 17 निदेशालय हैं, जो विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं।

**प्रशिक्षण संरचना:** हर ण्ण बटालियन में 2,520 कैडेट्स को प्रशिक्षित करने की क्षमता है, जिससे यह संगठन विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन बनता है।

**स्काउट गाइड के आंकड़े**

**कुल सदस्य:** भारत में स्काउट और गाइड के लगभग 15 लाख सदस्य हैं, जो विभिन्न राज्यों में सक्रिय हैं।

**सक्रिय शाखाएँ:** स्काउट गाइड का नेटवर्क देश के कई शहरों और गांवों में फैला हुआ है, जो युवाओं को नेतृत्व और सामाजिक सेवा में प्रशिक्षित करता है।

**ऐतिहासिक घटनाओं से सीख** – भारत के विभिन्न हिस्सों में आई आपदाओं के दौरान एनसीसी और स्काउट गाइड कैडेट्स ने अपने साहसिक योगदान से यह साबित किया है कि वे संकट के समय देश और समाज की सेवा में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं।

**2001 का भुज भूकंप:** इस आपदा के दौरान, एनसीसी कैडेट्स ने राहत कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें बचाव अभियान और राहत सामग्री वितरण शामिल था। उनकी तत्परता और प्रशिक्षण ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को तेज किया।

**2013 का उत्तराखंड बाढ़:** एनसीसी और स्काउट गाइड के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने और राहत सामग्री वितरित करने में मदद की।

**COVID-19 महामारी:** महामारी के दौरान, एनसीसी कैडेट्स ने जन जागरूकता अभियान चलाने और सुरक्षित प्रथाओं का पालन करने के लिए समुदायों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने प्रशासन के साथ मिलकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिससे लोगों को सही जानकारी मिल सकी।

इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि NCC और स्काउट गाइड के सदस्य आपदाओं के समय में अत्यधिक कुशल और समर्पित होते हैं। यदि इन्हें औपचारिक प्रशिक्षण दिया जाए, तो वे और भी अधिक प्रभावी ढंग से अपनी जिम्मेदारियों को निभा सकते हैं।

**सरकारी नीतियों में सुधार की आवश्यकता**

**भारत को आपदा प्रबंधन में और सशक्त बनाने के लिए सरकार को निम्नलिखित ठोस कदम उठाने चाहिए:–**

**1. आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षण:** NCC और स्काउट गाइड के सभी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन का अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, जिसमें बाढ़, भूकंप, आग, और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के तरीके सिखाए जाएं।

**2. विशेष कोर्स की शुरुआत:** स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर आपदा प्रबंधन में विशेष कोर्स शुरू किए जाने चाहिए, जिसमें NCC और स्काउट गाइड के छात्रों को प्राथमिकता दी जाए।

**3. रोजगार में प्राथमिकता:** एनडीआरएफ और एसडीआरएफ में भर्ती के समय भी NCC और स्काउट गाइड के छात्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जिससे आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

**निष्कर्ष:**–NCC और स्काउट गाइड जैसे संगठनों में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण जोड़ने से न केवल आपदा के समय देश को सशक्त बनाया जा सकता है, बल्कि छात्रों के बीच इन संगठनों की लोकप्रियता भी बढ़ाई जा सकती है।

इसके साथ ही, सरकार को आपदा प्रबंधन के लिए समर्पित कोर्सेज की शुरुआत करनी चाहिए, जिसमें इन संगठनों के छात्रों को प्राथमिकता मिले। इतिहास में देखे गए योगदान के उदाहरण हमें यह बताते हैं कि NCC और स्काउट गाइड के प्रशिक्षित सदस्य आपदाओं के दौरान कितना महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं। यदि इन्हें और अधिक औपचारिक प्रशिक्षण और अवसर प्रदान किए जाएं, तो ये संगठन समाज के लिए एक अमूल्य संपत्ति बन सकते हैं।

**–सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक,**
**इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, जयपुर, राजस्थान**

# बदहाल व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी, प्रदर्शन किया

## प्रशासन पर सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर नगर निगम के वार्ड संख्या सात की तीन कॉलोनियों दीप दर्शन, नवदुर्गा कॉलोनी, एकता नगर के क्षेत्रवासियों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि इन दिनों वे नाकरीय जीवन जीने को मजबूर हैं। कॉलोनियों की सड़कें टूटी हैं, बरसात के पानी की निकासी नहीं होने से गलियों, घरों के बाहर व खाली प्लाटों में पानी भर जाता है। पानी जमा होने से मच्छर पनपने लगे हैं, ऐसे में बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो गया है। क्षेत्रवासियों ने बदहाल व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई और जन प्रतिनिधियों सहित नगर निगम, जिला प्रशासन पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए व्यवस्था सुधारने की मांग की।

क्षेत्रवासी गोविंद सिंह राठौड़ ने बताया कि उनकी कॉलोनी सोमलपुर पंचायत में आती है। वर्ष 2004 में दीप दर्शन, एकता नगर और नवदुर्गा कॉलोनी बनाई गई थी। गली नंबर 1 से लेकर 21 नंबर तक की गालियां बसी हुई है। ग्राम पंचायत सोमलपुर द्वारा कोई भी काम नहीं किया गया है। जब से कॉलोनियां बसी है, तब से लेकर आज तक मूलभूत सुविधाओं का आभाव रहा है।इस संबंध में सांसद, विधायक, सरपंच व पार्षद को कई बार लिखित में अवगत कराने के बाद भी उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने बताया कि बरसात का पानी जमा होने से मच्छरों के कारण रहना मुश्किल हो चुका है। पानी इतना भरा हुआ कि एम्बुलेंस भी कॉलोनी में नहीं आ सकती है। गर्भवती महिला को भी सड़क पर ला नहीं सकते हैं।

क्षेत्रवासी आनंद सिंह ने बताया कि सरपंच, विधायक सहित अधिकारियों को कॉलोनी की बदहाल व्यवस्था को लेकर शिकायत दे चुके हैं, लेकिन आज तक इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। सोमलपुर गांव का पूरा पानी तीनों कॉलोनी में भर चुका है, जिसके कारण कॉलोनी की सड़कें और नालियां खराब हो चुकी है।

लोगों ने बताया कि मानसून के दौरान यहां पर हालात बहुत खराब हो जाते हैं। गलियों में दो से तीन फीट तक बरसात का पानी भर जाता है। जल कर्फ्यू की वजह से लोग अपने घरों में कैद हो जाते हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। ऐसे में उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही हाल शहर के कई अन्य कॉलोनियों का भी है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बदहाल कॉलोनियों की व्यवस्था सुधारी जाए।

# रूफ टॉप सोलर के प्रति आमजन को जागरुक किया

■ **अजमेर डिस्कॉम का सौर ऊर्जा जागरुकता शिविर आयोजित**

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम द्वारा मंगलवार को सोलर के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से अजमेर सर्किल के पुष्कर, किशनगढ़, रूपनगढ़ तथा नसीराबाद कार्यालयों पर शिवर का आयोजन कर आमजन व उपभोक्ताओं को सोलर एनर्जी के प्रति जागरूक किया। कैम्प में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्था के पदाधिकारी सहित आमजन मौजूद रहे।

अधीक्षण अभियंता दिनेश सिंह ने बताया कि प्रबंध निदेशक केपी वर्मा के निर्देश पर अजमेर सर्किल के पुष्कर, किशनगढ़, रूपनगढ़, नसीराबाद कार्यालयों में आमजन को सोलर के प्रति जागरूकता के लिए शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश में सोलर एनर्जी की असीम संभावनाएं है, इसके मद्देनजर पीएम सूर्य घर योजना के तहत शिविर आयोजित कर आमजन व उपभोक्ताओं को रूफ टॉप सोलर के प्रति जागरुक किया जा रहा है। उपभोक्ता घर की छत पर सोलर लगाकर विद्युत का उत्पादन कर सकता है तथा अधिक बनी बिजली को डिस्कॉम को बेचकर मुनाफा भी कमा सकता है। जनसम्पर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि कैम्प में आमजन ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में विस्तार से जाना। पुष्कर, रूपनगढ़, किशनगढ तथा नसीराबाद में लगाए गए शिविरों का अवलोकन कर आमजन के सवालों के जवाब भी दिए। सौर उर्जा प्लांट लगाने वाले को एक किलोवाट पर पंद्रह हजार, दो किलोवाट पर तीस हजार व उससे अधिक किलोवाट के सोलर प्लांट लगाने पर 78 हजार रुपए की सरकार द्वारा सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। वर्तमान में सोलर एनर्जी बढ़ती हुई बिजली की मांग को संतुलित करने का अहम साधन है। इसलिए आमजन से उम्मीद है कि इस योजना के तहत घरों पर सोलर प्लांट स्थापित करवा सकते हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 4 सितम्बर, 2024**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र गुरूवार प्रात: 6:14 तक, साध्य योग रात्रि 8:02 तक, बव करण प्रात: 9:47 तक, चन्द्रमा प्रात: 9:55 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–सिंह, चन्द्रमा–सिंह, मंगल–मिथुन, बुध–कर्क, गुरू–वृष, शुक्र–कन्या, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज बुध मघा सिंह में दिन 11:22 पर प्रवेश करेगा। आज चन्द्र दर्शन, उत्तर श्रृंगोन्नति है। आज नक्त व्रत पूर्ण होंगे और मीन व्रत (जैन) आरम्भ होंगे। आज प्रथम प्रकाश उत्सव (प्राचीन मत) गुरू ग्रंथ साहिब है। आज आखिरी चाहर शम्बा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:19 तक, शुभ 10:52 से 12:26 तक, चर 3:33 से 5:07 तक, लाभ 5:07 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:11, सूर्यास्त 6:40

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जा सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

# 'बीकानेर के जैन ज्ञान भंडारों की शोध व अनेक ग्रंथों के पुन: लेखन की दरकार'

**बीकानेर,(कासं)।** जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के आचार्यश्री जिन पीयूष सागर सूरिश्वर ने मंगलवार को ढड्ढा चौक में धर्मचर्चा में कहा कि बीकानेर प्राचीन जिनालयों व जैन ज्ञान भंडार की भूमि है। बीकानेर के जिनालय चमत्कारी, वंदनीय, पूजनीय और जिन शासन की शोभा में अनुकरणीय, गौरव व गर्वमयी है।

पर्युषण पर्व के तीसरे दिन उन्होंने कहा कि बीकानेर में दादा गुरूओं ने भीनासर के शंखेश्वर पार्श्वनाथ, भुजिया बाजार के चिंतामणिजी मंदिर व नाहटा चौक के भगवान आदिनाथ मंदिर में प्रतिष्ठा करवाई। रांगड़ी चौक का बड़ा उपासरा, सुगनजी महाराज का उपासरा व नाहटा चौक का अभय जैन ग्रंथागार जैन साहित्य का अनमोल खजाना है। इनमें ताड़पत्र में कल्पसूत्र सहित अनेक आचार्यों, मुनियों, उपाध्यायों द्वारा लिखित सभी तरह के आगम व साहित्य मौजूद है। प्राचीन जिनालयों व कल्पसूत्र सहित आगामों का दर्शन वंदन करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर ने कहा कि जैसलमेर के बाद बीकानेर ही राजस्थान में ऐसा नगर है जहां जैन ज्ञान का दुर्लभ भंडार है। बीकानेर के जैन ज्ञान भंडारों की वृहद शोध व अनेक ग्रंथों के पुन: लेखन की दरकार है। बुधवार को भगवान महावीर स्वामी की माता त्रिशला देवी को स्वप्न में दिखाई दी 14 वस्तुओं की जाजम लगाकर प्रवचन पंडाल में अवतरण की बोली लगाई जायेगी। भगवान महावीर के जन्म की वांचना कल्पसूत्रानुसार की जायेगी। उन्होंने भगवान महावीर के जन्म वांचन के समय धोती, कुर्ता व पाग पहनकर आने का सुझाव दिया।



बीकानेर में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में तेरापंथ भवन में पर्युषण पर्व में उपस्थित श्रद्धालु।

■ **रांगडी चौक उपासरा व अभय जैन ग्रंथागार जैन साहित्य का अनमोल खजाना है, इनमें ताड़पत्र में कल्पसूत्र सहित आचार्यों, मुनियों, उपाध्यायों द्वारा लिखित सभी तरह के आगम व साहित्य मौजूद है**

सुगन महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, जिनेश्वर युवक परिषद के संरक्षक ललित नाहटा, पवन बोथरा, संदीप मुसरफ, वरिष्ठ श्रावक राजकुमार बैद, महावीर नाहटा ने चातुर्मास के दौरान समर्पण व सहयोगी बाबूलाल, गेवरचंद, संतोकचंद, मनु मुसरफ परिवार, वीर पिता भीखमचंद, धीरज बरड़िया परिवार, केसरीचंद, झंवर लाल, मनोज सेठिया परिवार के सदस्यों का दुपट्टा, श्रीफल आदि से अभिनंदन किया।

सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा व जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ ने बताया कि आचार्य सहित चतुर्विद संघ ने बिना अन्न जल के 44 दिन की तपस्या पूर्ण करने वाले कन्हैयालाल भुगड़ी, 25 रौनक बरड़िया, 25 दिन, अंतर देवी बोथरा के 13 दिन की, चिराग सुराणा के 13 दिन, सुनील लोढ़ा 8 दिन, मुनि सत्व रत्न सागर, सवार्थ रतन सागर, बाल मुनि श्रुत रतन सागर व श्वेता पारख 4-4 दिन की तपस्याओं के साथ उपवास, बेला, तेला, आयम्बिल, अट्ठम तप, श्रेणिक तप, आगम तप करने वाले श्रावक-श्राविकाओं की अनुमोदना की गई। जिनेश्वर युवक परिषद के मंत्री मनीष नाहटा ने बताया कि सोमवार को सुन्दरलाल, सोहन लाल-मोहनलाल परिवार, झंवरलाल, केसरी चंद व मनोज सेठिया परिवार की ओर से प्रभावना से श्रावक-श्राविकाओं का अभिनंदन किया गया।

वहीं अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद, गंगाशहर ने जैनों के प्रमुख पर्व पर्युषण महापर्व के तीसरे दिन अभिनव सामायिक का आयोजन तेरापंथ भवन में किया। युगप्रधान आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी चरितार्थ प्रभा, साध्वी प्रांजल प्रभा के सानिध्य में कुल 1345 सामायिक हुई। परिषद अध्यक्ष महावीर फलोदिया ने बताया कि अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की 358 शाखाएं पूरे देश व नेपाल मे प्रतिवर्ष पर्युषण महापर्व के दौरान अभिनव सामायिक का आयोजन करवाती है। तेरापंथ धर्म संघ के ग्यारहवें आचार्य श्री महाश्रमण के इंगित अनुसार संस्था समय समय पर ऐसे कार्य आगे भी करती रहेगी।

साध्वी चरितार्थ प्रभा ने बताया कि जैन धर्म मे सामायिक का विशेष महत्व माना जाता है। सामायिक को समता की साधना और आत्मा को निर्मल करने का महत्वपूर्ण उपक्रम बताया गया है। सामायिव में व्यक्ति 48 मिनट के लिए सारे सांसारिक कार्यों का त्याग करके आध्यात्म साधना में लीन हो जाता है।

## स्थायी दिव्यांग के आश्रित को मिलेगी नौकरी

**बीकानेर,(कासं)।** प्रदेश के सरकारी कर्मचारी को किसी हादसे में पूर्ण दिव्यांग होने और सरकारी नौकरी से स्वैच्छिक सेवानिवृति लेने पर आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति दी जायेगी।

राज्य सरकार ने साल 2023 के इस आदेश पर स्पष्टीकरण दिया है कि नियम बनने से पहले भी अगर कोई दिव्यांग हुआ है तो उसे इसका लाभ मिलेगा। कार्मिक विभाग की ओर से जारी एक स्पष्टीकरण में कहा गया है कि 26 अप्रैल 2023 को ये नियम लागू किया गया था। कुछ कर्मचारी ऐसे भी है, जिनके साथ हादसा तो 26 अप्रैल से पहले हुआ लेकिन उनका दिव्यांगता सर्टिफिकेट बाद में जारी हुआ है तो उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। अब सरकारी विभाग ये नहीं कह सकेंगे कि पूर्व में दिव्यांग हुए कर्मचारी को इसका लाभ नहीं मिलेगा।

कोई भी सरकारी कर्मचारी कभी भी दिव्यांग हुआ है और कभी भी उसने सर्टिफिकेट बनाया है तो वो इस नियम के तहत लाभ पाने का हकदार होगा। राज्य सरकार ने वर्ष 2023 में नियम बनाया था कि कोई भी सरकारी कर्मचारी हादसे में घायल होने पर दिव्यांग हो जाता है। पूर्ण दिव्यांगता का प्रमाण पत्र अगर उसे संबंधित चिकित्सक देते हैं और कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृति लेता है तो उसके एक आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति दी जा सकती है।

जब से नियम बना है कुछ कर्मचारियों के अनुकम्पा नियुक्ति आवेदन निरस्त कर दिए गए। अब सरकार ने इस समस्या का समाधान करते हुए स्पष्टीकरण जारी कर दिया है कि लाभ सभी को मिलेगा।

## सार-समाचार

### स्कूल को प्रोजेक्टर व स्मार्ट टीवी भेंट



महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय उदयरामसर विद्यालय को ग्राम पंचायत ने प्रोजेक्टर, दो बड़ी स्मार्ट टीवी, चेयर भेंट की।

**बीकानेर,(कासं)।** शिव प्रताप बजाज महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय उदयरामसर को आज भामाशाह रूप सिंह द्वारा एक प्रोजेक्टर तथा ग्राम पंचायत उदयरासर द्वारा दो बड़ी स्मार्ट टीवी, दो अलमारी, 10 स्टूडेंट बेंच, 10 ऑफिस चेयर भेंट की गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि, जिला परिषद बीकानेर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मैं भी आपकी तरह ही सरकारी विद्यालय का छात्र रहा हूं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन हेतु प्रेरित किया तथा उदाहरणों के माध्यम से मेहनत का परिणाम बताया तथा बच्चों को नशा मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ। विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य रतनलाल छलाणी ने स्वागत वक्तव्य देते हुए विद्यालय की उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण रखा तथा ग्राम पंचायत व भामाशाहों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उप सरपंच हेमंत सिंह यादव ने अपना उद्बोधन देते हुए विद्यालय विकास में हरसंभव सहयोग देने की बात कही। उन्होंने नशा मुक्त जीवन जीने तथा गांव को स्वच्छ रखने के बारे में बताया। विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि व समाजसेवी बिशनाराम सियाग ने विद्यार्थियों को कठिन मेहनत कर अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के अध्यापक अनिल यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीर किशन सिंह यादव, रणजीत कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ अध्यापक अविनाश आशिया द्वारा किया गया। इससे पूर्व रीड ए थॉन के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा पुस्तक वाचन किया गया।

### मुकाम आसोज मेले पर की चर्चा

**नोखा, (कासं)।** मुकाम में अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा की आमसभा की बैठक महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बुडिया की अध्यक्षता में हुई। महासभा कार्यालय मीटिंग हॉल में हुई बैठक में पिछली बैठक की कार्रवाई का अनुमोदन करवाया। महासभा का लेखा-जोखा सदन में लिखित और पढ़कर सुनाया। आगामी आसोज मेले की व्यवस्था पर विचार विमर्श किया गया। कानून, यातायात, ट्रैफिक, मेला बाजार, स्टेज व्यवस्था, मंदिर परिसर व्यवस्था, भोजन शाला व्यवस्था, समराथल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सहित सभी बिन्दुओं पर सदस्यों ने अपनी राय रखी। अध्यक्ष देवेंद्र बुडिया ने महासभा द्वारा करवाये गए विकास के कार्य भोजनशाला, शैड निर्माण कार्य, सुलभ शौचालय निर्माण कार्य, हरिद्वार, ऋषिकेश, गुरूग्राम, दिल्ली, धर्मशाला यूपीएससी छात्रों की व्यवस्था, जयपुर धर्मशाला निर्माण कार्य की जानकारी भी दी। मुकाम में सौंदर्यीकरण के लिए आने वाले समय में राज्य सरकार से बड़े पार्क निर्माण के लिए 10 करोड़ से अधिक बजट की स्वीकृत करवाना, मुख्य गेट से समराथल तक फोर लाइन सड़क की स्वीकृति दिलवाना, भोजशाला में एमपी कोटा से शैड की स्वीकृति निकलवाना आदि प्रस्ताव पारित किए। बैठक के बाद महासभा के पदाधिकारी ने मेला स्थल का अवलोकन किया। इसके साथ ही मुकाम मेले को देखते हुए हरियाणा में होने वाले चुनाव की तिथि एक और दो अक्टूबर को बदलकर पांच अक्टूबर करने पर चुनाव आयोग का आभार भी जताया गया। बैठक में जयमलसर खेजड़ला की रोही में चल रहे धरने को भी समर्थन दिया गया। बैठक में महासचिव रूपाराम कालीराणा, विनोद धारणिया, जयकिशन सारण, मांगीलाल सारण, बलदेव पंवार, रामनिवास बुधनगर, ओम प्रकाश, भीखाराम सारण, ओम प्रकाश भादू, रामसिंह कस्वां, सोहनलाल, रामलाल, सीताराम आदि ने अपने विचार रखे।

# बीकानेर में इस मानसून की सबसे तेज बारिश

■ **बीकानेर शहर से थोड़ी दूर नाल में भी बारिश का खास असर नहीं था लेकिन शहरी क्षेत्र में बादल झमाझम बरसे**

■ **आधा घंटे में ही ही शहर की गलियां, मुख्य मार्ग और कॉलोनियां लबालब हो गई**

**बीकानेर,(कासं)।** इस मानसून की सबसे तेज और मूसलाधार बारिश मंगलवार को बीकानेर में हुई। आधे घंटे की बारिश में ही शहर की गलियां, मुख्य मार्ग और कॉलोनियां लबालब हो गई। रामदेवरा पैदल निकले यात्रियों को छत ढूंढनी पड़ी तो सेवाओं के लिए जगह-जगह लगे टैंट पानी-पानी हो गए। हालांकि बीकानेर शहर से थोड़ी दूर नाल में भी बारिश का खास असर नहीं था लेकिन शहरी क्षेत्र में बादल झमाझम बरसे।

मौसम विभाग ने मंगलवार सुबह जारी चेतावनी में बीकानेर का जिक्र नहीं किया था। लेकिन दोपहर होते - होते बादलों ने बीकानेर पर डेरा डाल दिया। करीब साढ़े चार बजे बरसात शुरू हुई तो काफी तेज रही। पांच बजे के बाद भी मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी रहा। इसके बाद पानी थमा लेकिन बादलों की गड़गड़ाहट ने डरा दिया। इतने तेज धमाके हुए कि लोग घबराकर घरों में घुस गए। बारिश का ज्यादा असर बीकानेर शहर की सीमा तक ही देखा गया। मुरलीधर व्यास कॉलोनी से आगे नाल की तरफ कम बारिश थी। जबकि अंत्योदय नगर, जवाहर नगर, जस्सूसर गेट, गजनेर रोड़, चौखूंटी, जूनागढ़, सूरसागर, कलेक्टरी के साथ ही जयपुर, श्रीगंगानगर और नागौर रोड पर काफी तेज बारिश ने प्रभावित किया। इस मानसून में इतनी तेज बारिश पहले नहीं हुई। एक धार लगातार तेज बारिश ने सड़कों को लबालब कर दिया। पानी के कारण लोगों को रास्ते में ही रूकना पड़ा। बारिश इतनी तेज थी कि शहर के बीच से गुजर रहे रामदेवरा यात्रियों को छत देखनी पड़ी। काफी देर रुकने के बाद इन यात्रियों को आगे बढ़ना पड़ा।

रामदेवरा यात्रियों की सेवा के लिए जगह-जगह लगे टैंट भी तेज बारिश में उड़ गए। किसी की छत उतर गई तो किसी के पिलर ही हट गए। खाने की सामग्री भी काफी खराब हो गई। वहीं बड़ी संख्या में रामदेव भक्त भारी बारिश में भी आगे बढ़ते नजर आए।

## गणेश मन्दिर पाटोत्सव कलश यात्रा आज

**बीकानेर,(कासं)।** कोटगेट सट्टा बाजार स्थित श्री ब्राह्मण स्वर्णकार गणेश मन्दिर ट्रस्ट अपने मन्दिर स्थापना का 125 स्थापना दिवस बुधवार को प्रात: आठ बजे से कलश यात्रा से प्रारम्भ होगा।

कलश यात्रा भैंरूजी मंदिर से कलश पूजा के साथ सुनारों की गुवाड से नया कुआ से राजीव गाधी मार्ग होते हुऐ गणेश मन्दिर पहुंचेगी। कलश के जल से शनिवार को गणेश प्रतिमा पर जलाभिषेक होगा। शुक्रवार को विख्यात पडित नथमल पुरोहित के सनिध्य में सामूहिक यज्ञ में आहुतियां दी जायेगी। शनिवार को पाटोत्सव में दिन भर धार्मिक आयोजन होंगे। पंजामृत से अभिषेक व रात्रि को सजीव झाकियां सजाई जायेगी। मंगलवार को प्रबन्धक मण्डल के रामस्वरूप सोनी, गणेश सोनी, कुन्दन सोनी, विजय सोनी, सुरेश सोनी, नीलेश सोनी सहित गणमान्यों ने कलश यात्रा को अन्तिम रूप दिया।

# रामदेवरा के लिए पैदल यात्रियों का सैलाब उमड़ा

■ **कोरोनाकाल के बाद पहली बार जातरूओं की संख्या में भारी वृद्धि**

**बीकानेर,(कासं)।** कोरोना काल के बाद पिछले पांच दिनों से विभिन्न स्थानों से आकर कुछ देर बीकानेर में प्रवास व आराम कर लोकदेवता बाबा रामदेव के मंदिर में पैदल दर्शन करने वाले यात्रियों का सैलाब उमड़ पड़ा।

बीकानेर के विभिन्न गांव व मोहल्लों के संघों के साथ राजस्थान के चूरू, श्रीगंगानगर, झुझुनूं, हनुमानगढ़, सीकर, के साथ पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली आदि स्थानों के पैदल यात्री संघ ध्वजा, बाबा का घोड़ा लिए जयकारा लगाते हुए रवाना हुए। बीकानेर से रामदेवरा तक हर किलोमीटर पर सेवादार मनुहार के साथ पद यात्रियों को चिकित्सा, विश्राम, भोजन, चाय नाश्ता, शीतल जल व पेय पिला रहे हैं।

सोमवार अमावस्या को पैदल यात्रियों के लिए असम जोरहाट के साथ विभिन्न संघों के साथ पानी के टैंकर चल रहे है। संघों की पहचान के लिए रंग की टी शर्ट, डी.जे. पर आधुनिक व पारम्परिक गीतों के साथ घुंघरू बांधे कई यात्री नृत्य करते हुए चल रहे थे।

समाजसेवी रामदेव अग्रवाल के नेतृत्व में मुरलीधर फांटे के पास चाय, पकौड़ी, पुड़ी सब्जी की सेवा सुबह से शाम तक लगातार तीसरे वर्ष सोमवार को की। बाबा रामदेव के भक्त रामदेव अग्रवाल अनेक यात्रियों को रामदेवजी के चित्र व ध्वज वितरित किए। बाबा के मंदिर में धोक लगाने इस बार पिछले वर्षों की तुलना में अधिक संख्या में जातरूओं के जाने पर खुशी व्यक्त की तथा भावुक होकर मनुहार की।

# जनता जल योजना कार्मिकों का प्रदर्शन

■ **1994 से काम कर रहे हैं, स्थाई करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन**

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिले में कार्यरत जनता जल कार्मिकों ने मंगलवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संगठन सदस्य कलेक्ट्रेट पहुंचे और विरोध शुरू किया।

इन लोगों का कहना है कि उन्हें 1994 से पंप चालक के काम पर रखा गया था। तब से इस काम से उनका परिवार पल रहा था। मगर सरकार ने अभी तक उन्हें स्थाई नहीं किया है। ऐसे में अब उनके सामने परिवार पालने का संकट पैदा हो रहा है। इन लोगों ने कलेक्ट्रेट के सामने नारेबाजी की।

कलेक्ट्रेट के ट्रैजरी की तरफ के गेट से प्रवेश कर ये लोग कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए घुसे। इन लोगों ने मांगों के संबंध में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट के सामने धरना स्थल पर यज्ञ भी किया। इन लोगों का कहना था कि करीब 30 साल की नौकरी के बाद इन्हें स्थाई किया जाना चाहिए। इन लोगों का कहना था कि उनके 5 साथी अनशन कर रहे हैं और मंगलवार को धरने पर बैठे सभी लोगों ने अनशन किया है।

विरोध प्रदर्शन के बाद भी सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो उन्हें परिवार सहित धरना देने पर मजबूर होना पड़ेगा। इन लोगों ने जिला प्रशासन को मांगों का ज्ञापन सौंपा।

## आश्रम के 12 मरीजों का ऑपरेशन

**नोखा, (कासं)।** राजकीय बागड़ी जिला अस्पताल में मंगलवार को अपना घर आश्रम के 12 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया।

अस्पताल प्रभारी डॉ. सुनील बोथरा ने बताया कि जरनल सर्जन डॉ. विनोद घोड़ेला, डॉ. पवन स्वामी, एनेस्थिसिया डॉ. जयनारायण बिश्नोई, डॉ. मुकेश शिवरान, ओटी स्टॉफ दान सिंह, आशुसिंह, सुनील भाम्भू ने ऑपरेशन में सहयोग किया। जिला अस्पताल के प्रभारी डॉ. सुनील बोथरा ने बताया कि अस्पताल में सभी मरीजों को हर्निया, हाइड्रॉसील और वेरीकोसील की समस्या थी। उनका सफल ऑपरेशन किया गया। डॉ. घोड़ेला ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को सभी सुविधाएं दी जा रही है।

# सरकारी गर्ल्स कॉलेज के लिए जल्द होगी जगह आवंटित

■ **महिला पुलिस थाना के निर्माण के लिए नगर परिषद आयुक्त को भूमि आवंटन का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए**

**अनूपगढ़,(कासं)।** जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने जिले की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को हैलिपेड और सरकारी गर्ल्स कॉलेज के निर्माण के लिए भूमि आवंटन शीघ्र पूरा करने का आदेश दिया।


खेल अकादमी के निर्माण के लिए उपखंड अधिकारी को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया है। जबकि अस्पताल की चारदीवारी के निर्माण के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रस्ताव तैयार कर संबंधित विभाग से समन्वय करने का निर्देश मिला है। महिला पुलिस थाना के निर्माण के लिए नगर परिषद आयुक्त को भूमि आवंटन का प्रस्ताव तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर ने खेल अकादमियों की स्थापना के संबंध में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को संबंधित विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करने और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को जिले में 20 हैंडपम्प लगाने के प्रस्ताव को शीघ्र तैयार करने का आदेश दिया है।

इसके अतिरिक्त, रायसिंहनगर-पदमपुर सड़क मार्ग पर चौड़ाईकरण के कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कृषि विभाग को बायोटेक्नोलॉजी फसलों के संबंध में किसानों को विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करने के लिए दो वर्षों में केन्द्र स्थापित करने की योजना की समीक्षा करने का आदेश दिया गया है। पशुपालकों के लिए पशु मेलों के आयोजन की घोषणा की गई है।

# द्वितीय रोजगार एवं कैरियर मेला 27 को, तैयारी को लेकर विधायक ने ली बैठक

**बीकानेर,(कासं)।** बीकानेर पश्चिम विधायक सेवा केन्द्र और उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 27 सितम्बर को द्वितीय रोजगार एवं कैरियर मेला आयोजित किया जायेगा।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने मंगलवार को सर्किट हाउस में इससे संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि पूर्व में 7 मार्च को पहला रोजगार मेला आयोजित किया गया था। इसमें लगभग 500 युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिले। इसी क्रम में द्वितीय रोजगार मेला 27 सितम्बर को आयोजित किया जायेगा। इसमें राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर के 50 नियोक्ताओं को आमंत्रित किया जायेगा। मेले के दौरान एक हजार युवाओं के रोजगार का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए रोजगार विभाग द्वारा लगभग 20 हजार युवाओं को आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेले के लिए नियोक्तावार स्टॉल आवंटन तथा पंजीयन के साथ युवाओं को आमंत्रित करने का कार्य समयबद्ध रूप से किया जाए। इनका पंजीकरण क्यूआर कोड के माध्यम से भी करवाया जाए। मेले में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुजा निगम, उद्योग, आरसेटी, राष्ट्रीयकृत तथा निजी बैंक सहित विभिन्न सरकारी विभागों के स्टॉल्स लगाये जायेंगे।



बीकानेर सर्किट हाऊस में रोजगार मेले की तैयारी को लेकर अधिकारियों की बैठक को विधायक जेठानंद व्यास ने संबोधित किया।

■ **मेले के दौरान एक हजार युवाओं के रोजगार का लक्ष्य रखा गया है**

इस दौरान युवाओं से संबंधित योजनाओं का लाभ मौके पर दिलाने के प्रयास होंगे। पूर्व मेले में चयनित युवाओं के अनुभव भी साझा किए। इस दौरान उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया, रोजगार विभाग के सहायक निदेशक हरगोविंद मित्तल, उद्योग विभाग की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पवार, आरसेटी के दिनेश जैन आदि मौजूद थे।

## प्रो. गोदारा ने पदभार संभाला

**बीकानेर, (कासं)।** प्रो. एस.एल. गोदारा ने मंगलवार को जयपुर के निर्वाण विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार संभाला। प्रो. गोदारा पौध व्याधि विज्ञान विभाग के प्रोफेसर हैं। उन्होंने स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में 33 वर्षों तक विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी। इस दौरान विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ एस. एल. सिहाग, वाइस चेयरमैन डॉ आर. के. अरोड़ा सहित स्टाफ मौजूद था।


कार्यालय नगर परिषद, चूरू( राजस्थान )

क्रमांक:न.प./चूरू/भूमि शाखा/2024-25/2054-55 दिनांक3.9.24

सार्वजनिक विज्ञप्ति( आपति् आमन्त्रण -पत्र )

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अपूर्वा सिंह द्वारा खांचा भूमि क्रय करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है,(जिसका विवरण तालिका में है)अत:इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारक को कोई आपत्ति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। वाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदिका के पक्ष में दिया जावेगा:-

| क्र. सं. | नाम आवेदक /आवेदिका | आवेदित भूमि की अवस्थिति | भूखण्ड का क्षेत्रफल | अपेक्षित स्वीकृति |
|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती अपूर्वा सिंह पत्नी श्री धर्मेन्द्र ईशराण | अम्बेडकर मार्केट चूरू | 33.45 वर्गमीटर | खांचा भूमि क्रय हेतु |

(अभिलाषा सिंह)
आयुक्त नगरपरिषद चूरू



कार्यालय नगर पालिका मण्डल नोखा (बीकानेर)

क्रमांक:न.पा.नो./स्कन्ध/2024-25/3024 दिनांक02.09.24

-:अल्पकालीन निविदा सूचना:-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नं.41में गन्दे पानी की निकासी हेतु ट्रेक्टर एवं टैंकर(ड्राईवर, डीजल/ऑयल सहित)किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य हेतु उपयुक्त फर्मों/अधिकृत विक्रेताओं से निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/संवेदक निविदा प्रपत्र, धरोहर राशि एवं शुल्क जमा कराकर दिनांक 05.09.24 को दोपहर 01.00बजे तक प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 3.00बजे तक जमा करवा सकते है। जो प्राप्त निवियें दिनांक 05.09.24 को सांय 4.00बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकृत नहीं की जावेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने के अधिकार नगरपालिका में निहित है। शेष शर्ते एवं विवरण वेबपोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम लागत | अनुमानित राशि (लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नं.41में गन्दे पानी की निकासी हेतु ट्रेक्टर एवं टैंकर(ड्राईवर,डीजल/ऑयल सहित)किराये परउपलब्ध कराने का कार्य। | 04.90 | 9800 | 500 |

अध्यक्ष
नगर पालिका नोखा

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, नोखा



आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण कमेटी जयपुर राजस्थान के पत्र द्वारा खनन पट्टों के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र कीप्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण को देखने के लिए उपलब्ध है। आवेदित खनन पट्टों की विवरण सूची निम्नवार है:-

| Ref.No.&M.L. No. | Applicant | Applied Area Detail | Minerals | Area in Hectare | Letter No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 20231000090964 M.L.No.30/2023 | Dharmesh Hiralal Mehta | Khasra No.115/30 Near Village-Kishnayat Budhan,Tehsil -Kolayat,Bikaner | Ball Clay Silica Sand | 1.0000 | F1(4)/SEIAA /SEAC-Raj/ Sectt/Project /Cat. B2(0300) 2023-24 |

# माही बांध लबालब, चार गेट एक-एक मीटर खोले

## माही बांध के गेट नम्बर 2, 4, 13 एवं 15 को खोलकर जल प्रवाह किया जा रहा है

**बांसवाड़ा, (निसं)** लबालब भर उठे माही बांध से जलराशि का छलकना शुरू हो गया है। मंगलवार शाम 4.30 बजे माही बांध के चार गेट खोलकर जलप्रवाह आरंभ कर दिया गया। माही बांध के चार गेट एक-एक मीटर खोले गए हैं।

- **संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने माही गंगा मन्दिर में जाकर माही गंगा की पूजा-अर्चना की और श्रीफल चढ़ाया**

संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने माही गंगा मन्दिर में जाकर माही गंगा की पूजा-अर्चना की और श्रीफल चढ़ाया। इसके पश्चात संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन एवं जिला कलेक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने कन्ट्रोल पैनल रुम में पूजा-अर्चना तथा श्रीफल वधेर कर बटन दबाकर बांध के चार गेट खोले। इस समय माही बांध के 2, 4, 13 एवं 15 को खोलकर जल प्रवाह किया जा रहा है।

माही डेम निवासी पं. महेश प्रसाद ने पूजा-अर्चना विधान करवाया। वे 1980 से माही के गेट खोलने के समय से पूजा-अर्चना करवाते आ रहे हैं। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभीषेक गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश भारद्वाज, उपखण्ड अधिकारी बांसवाडा प्रकाशचन्द्र रेगर, माही परियोजना के अधीक्षण अभियंता आर एस मीणा, अधिशासी अभियंता प्रकाशचन्द्र रेगर, जल संसाधन के अधिशासी अभियंता राजेन्द्र सिंह अखवी सहित माही परियोजना के माही डेम पर कार्यरत अधिकारी व कार्मिक सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।



माही बांध के गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।


# मांडलगढ़ क्षेत्र में 23 फीट भराव क्षमता वाला जेतपुरा बांध लबालब, चार गेट खोले

## जेतपुरा बांध के ऊपरी हिस्से में सवा पांच इंच बारिश हुई, बांध में पानी की भारी आवक बढ़ी

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ क्षेत्र में 23 फीट भराव क्षमता वाला जेतपुरा बांध लबालब भरकर उफ़ान पर आ गया। जेतपुरा बांध के ऊपरी हिस्से में भारी बारिश होने से मंगलवार सुबह चार बजे बाद से पानी की आवक लगातार बढ़ गई। बांध का जलभराव क्षमता पूर्ण होने के बाद व गेज बनाए रखने के लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने चार गेट सांय तक खुले रखे। बांध के गेट खोले जाने डाउन स्ट्रीम व कैचमेंट एरिया अउली नदी के आसपास ग्रामीणों को अलर्ट किया गया। वहीं डाउन स्ट्रीम एरिया के गांवों की पुलियाओं पर पानी चढ़ने से कई गांवों का सम्पर्क टूट गया। उल्लेखनीय है कि अउली नदी का पानी बनास नदी में मिलने के बाद बनास नदी का जल स्तर बढ़ने लगा है और इसका पानी बीसलपुर बांध में जाकर मिलता है।

मांडलगढ़ जल संसाधन विभाग के जेईएन रामजीत यादव ने बताया कि मंगलवार सुबह जेतपुरा बांध के ऊपरी हिस्से में 133 मिलीमीटर (सवा पांच इंच) बारिश हुई, जिससे बांध में पानी की तेज आवक होने पर गेट नम्बर 2,3,5,6 को डेढ़ फीट खोला गया, जिससे नदी का जलस्तर बढ़ गया। जेतपुरा बांध के डाउन स्ट्रीम व कैचमेंट एरिया में आमजन को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। वहीं मंगलवार को तीसरे पहर तीन बजे बाद गेट नम्बर 6 को बांध का गेज बनाये रखने को लेकर बंद कर दिया गया। दिनभर बारिश बन्द रहने से पानी की आवक भी घटने लगी है।

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने जेतपुरा बांध के कैचमेंट एरिया और अउली नदी के आसपास के गांव महुआ, सारण का खेड़ा, मानपुरा, झालम की झुपड़िया, हाड़ी का खेड़ा, दौलपुरा के ग्रामीणों को अलर्ट रहने और नदी नाले को पार करते समय पूरा ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए।



मांडलगढ़ क्षेत्र में जेतपुरा बांध में पानी की भारी आवक बढ़ने से बांध के चार गेट खोले गए।

- **बांध के डाउन स्ट्रीम व कैचमेंट एरिया की अउली नदी के आसपास ग्रामीणों को अलर्ट किया गया**
- **बांध के चारों गेट खोले जाने से अउली नदी के साथ बनास नदी का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है**

मांडलगढ़ और बिजौलियां क्षेत्र पिछले 24 घण्टे में हुई बारिश से जेतपुरा बांध ओवरफ्लो हो गया। बांध में पानी की आवक बढ़ने से सिंचाई विभाग ने बांध के चार गेट खोले। इससे अउली नदी के साथ बनास नदी का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है। बारिश के चलते प्रशासन ने ग्रामीणों को रात्रि के समय भी सावधानी बरतने का आव्हान किया है। मांडलगढ़ क्षेत्र में मानसून की अच्छी बारिश होने से करीब 50 से अधिक तालाब और बांध लबालब भर चुके हैं, जिससे आगामी दिनों में किसान अपने खेतों में सिंचाई के लिए उपयोग कर सकेंगे और भूजल स्तर भी बना रहेगा।

# देवल में चार इंच बारिश, मारगिया-अमरपुरा समेत 10 बांध छलके

**डूंगरपुर, (निसं)।** श्रावण मास पूरी तरह रिता बित गया था और आमजन विशेष कर किसान वर्ग खासा चिंतित था कि पानी नहीं बरसने से इस फसल के साथ साथ सर्दी ऋतु में फसल को किस आधार पर बोया जायेगा। यही नहीं शहर की पेयजल आपूर्ति को पूरा करने वाले दोनों प्रमुख बांध डिमिया व एडर्वरसमंद पूरी तरह खाली पड़े हुए थे। सोमकमला आम्बा से ही शहर की पेयजल आपूर्ति हो रही थी, लेकिन आखिरकार भाद्रपक्ष ने अपनी कहावत को पूरा करते हुए सोमवार शाम से मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ तो जिले भर में पानी को लेकर आमजन में खुशी का माहौल देखा गया। देखते ही देखते न केवल शहर के प्रमुख पेयजल स्त्रोत अपनी भराव क्षमता के निकट आ गये अपितु मारगिया सहित कोई 10 बांध छलक उठे।

- **जिलेभर में रातभर रुक-रुककर हुई मूसलाधार बरसात, तालाबों में पानी की आवक का दौर शुरू**
- **जिले का सबसे बड़ा सोमकमला आंबा बांध भर चुका है**

इधर बांध नियंत्रण कक्ष के अनुसार सवेरे 8 बजे समाप्त 24 घण्टों में सर्वाधिक वर्षा देवल में चार इंच दर्ज की गई है जबकि जिला मुख्यालय पर भी भौर में हुई लगभग डेढ घण्टे से अधिक तेज बारिश ने वातावरण को पूरी तरह बदल कर रख दिया। हालांकि शहर का हृदयस्थल गेपसागर जलाशय जो कि जिला प्रशासन की नाकामी के चलते अभी भी पानी आवक के मार्गो पर पूरी तरह नहीं खोलने के कारण अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। जिलेभर में सोमवार शाम से शुरू हुआ मूसलाधार बरसात का दौर रातभर रुक-रुककर चलता रहा। जिससे पुराने शहर की सडकों पर बरसात का पानी दरिया की तरह बहता रहा। देवल में सर्वाधिक 4 इंच बारिश हुई है। वहीं बरसात मारगिया, अमरपुरा समेत 10 बांध ओवरफ्लो हो गए। जिले का सबसे बड़ा सोमकमला आंबा बांध भर चुका है। बांध के गेट खोलने के लिए प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी कर दिया है। बांध की पूरी भराव क्षमता 13 मीटर है। जबकि बांध 12.30 मीटर तक भर चुका है। बांध में 118 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। बांध कभी भी ओवरफ्लो हो सकता है। ऐसे में सोमकमला आंबा विभाग की ओर से बांध के निचले हिस्से में रहने वाले लोगों को अलर्ट कर दिया गया है। जिले का सबसे बड़ा पर्यटन केंद्र कहे जाने वाल मारगिया बांध भी ओवरफ्लो हो गया है। मारगिया पर 15 सेंटीमीटर की चादर चल रही है। वहीं, वात्रक बांध, भादर, आकारसोल का नाका, मेवाडा, अमरपुरा, टामटिया, गजपुर, वरडोल का नाका, वरदा बांध भी ओवरफ्लो हो चुके हैं। इन बांधों पर 2 से 25 सेंटीमीटर तक ओवरफ्लो पानी बह रहा है।



डूंगरपुर जिले का पर्यटन स्थल मारगिया बांध अपनी भराव क्षमता को पार कर छलक गया।

# उदयपुर में भारी वर्षा से झीलें लबालब हुई

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर में झीलों के कैचमेंट एरिया में मंगलवार सुबह करीब दो घंटे तेज बारिश हुई। इस मानसून सीजन में यह पहली तेज बारिश थी। कुछ घंटों की बारिश से सीसारमा नदी और मोरवानिया नदी उफान पर आने के साथ ही मदार छोटा तालाब पर भी चादर चल गई जबकि मदार बड़ा की चादर भी और तेज हो गई। पीछोला झील भरने के बाद स्वरूप सागर के सभी गेट खोल दिए गए है तो 13 फीट क्षमता की फतेहसागर झील का जलस्तर 11 फीट हो गया है। वहीं 24 फीट क्षमता के उदयसागर में लगातार पानी की आवक को देखते हुए 22 फीट बाद ही उसके भी गेट खोल दिए गए। तेज बारिश के चलते कई मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। कैचमेंट क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश से मदार छोटा और मदार बड़ा दोनों तालाबों में पानी की अच्छी आवक हुई है। छोटा मदार तालाब पर सुबह पांच इंच की चादर चली।

बुझडा नदी उफान पर चल रही है। कैचमेंट में तेज बारिश से अमरजोक नदी में बहाव तेज होने से कोडयात क्षेत्र में स्थित होटल ताज अरावली जाने वाले रास्ते पर बने कॉजवे भी पानी आने से यह रास्ता काफी देर बाधित रहा। इधर मदार बडा और मदार छोटा पर तेज वेग से चादर चलने से नदी के रास्ते में आने वाली पुलियाएं जलमग्न हो जाने से यहां भी रास्ते बाधित रहे। बडी तालाब को भरने वाली मोरवानिया नदी भी उफान पर आने से उदयपुर शहर से उबेश्वरजी मार्ग कई घंटे अवरूद्ध रहा। उदयपुर जिले की झाडोल उपखंड में आज सुबह से तेज बारिश का दौर चल रहा है। सुबह नदी पार करते समय एक शिक्षक बाइक सहित पानी में बह गया जिसे 500 मीटर की दूरी पर ही ग्रामीणों ने बाइक सहित निकाल दिया। घायल शिक्षक को अस्पताल ले जाया जहां प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी। कोल्यारी निवासी शिक्षक ख्याली लाल ढोली कोल्यारी से अपनी स्कूल उपरेटा जा रहा था की थोबावाडा नदी के वैकल्पिक पुल को पार करते बाइक स्लिप हो गई और बाइक सहित नदी में बह गया गनीमत रही ग्रामीणों ने शिक्षक को बाइक सहित सुरक्षित बाहर निकाल दिया।

- **स्वरुप सागर, उदय सागर के गेट खोले, थूर की पाल भी चली, फतह सागर 11 फीट पहुंचा**
- **बिजली गिरने से महिला की मौत, नदी में बहते शिक्षक को बचाया**

इसी प्रकार उदयपुर जिले के सायरा के पानेर पटवार मंडल के गोदो का गुडा में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हुई है। समाजसेवी शंकर लाल गमेती ने बताया कि गांव में अनछी (30) पत्नी कालू सिंह राजपूत खेत से चारा लेकर घर लौट रही थी तब ही बिजली गिरी। बनास नदी के पास से सडक पर होते हुए घर लौटते समय बिजली गिरी जिससे वह बेहोश होकर नीचे गिर गई। सूचना मिलने पर परिजनों सहित गांव के लोग मौके पर पहुंचे। तब उसकी मौत हो गई थी। बाद में इसकी सूचना सायरा पुलिस को दी गई है।

# टीचर्स-डे पर प्रदेश के 148 शिक्षकों का सम्मान होगा

**बीकानेर, (कासं)।** टीचर्स-डे पर प्रदेश के 148 शिक्षकों का राज्य स्तर पर सम्मान किया जायेगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने सूची जारी की है, इसमें क्लास एक से पांच, छह से आठ और नौ से बारह तक के टीचर्स को अलग-अलग वर्ग में चयनित किया गया है। कक्षा छह से आठ तक के वर्ग में 48 और शेष दोनों वर्ग में 50-50 टीचर्स का चयन किया है। राज्य स्तरीय सम्मान के लिए चयनित टीचर्स को जयपुर के बिड़ला सभागार में होने वाले समारोह में सम्मानित किया जाएगा। टीचर्स से आवेदन लिए गए थे। इन आवेदनों के बाद निदेशालय स्तर पर इनकी छंटनी की गई। अंतिम सूची को जयपुर में अंतिम रूप दिया। उप निदेशक (माध्यमिक) डॉ. रामगोपाल शर्मा ने जारी किया। शिक्षा विभाग ने 50 जिलों को आधार बनाकर इस बार पुरस्कार दिया है। इससे पहले 33 जिलों के आधार पर ही पुरस्कार वितरण होता था। राज्य सरकार जिलों को लेकर असमंजस में है, फिर भी शिक्षा विभाग ने 50 जिलों के आधार पर पुरस्कार तय किए हैं।


**OFFICE OF MUNICIPAL BOARD NIWAI (TONK)**
Email: npniwai@gmail.com फोन नं. 01438-222001
SR.NO. : MBN//2024-25/4457 DATE : 30.08.2024

**NOTICE INVITING BID**

Bids for IOT Based Door to Door Collection and Transportation (for 2 Years) in ward No. 01 to 35 of Municipal Area Niwai (cost 404.19 lacs) are invited from interested bidders up-to 06.00 PM (Time) 23.09.2024 (Date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.
NIB NO:- DLB2425SLOB07017
Raj.Samwad/C/24/4592 Chairman Executive Officer

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**
No.NIT/2024-25/12741-54 निविदा सूचना /24-25 Date:03.09.2024
निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | निविदा सूचना संख्या |
| --- | --- | --- |
| Truss work & other Remaining Misc. Works PDDU, Shekhawati University, Sikar (1) UBN : RRC2425WLOB00401 | 1068.80 Lakh | अल्पकालीन ई-191/ 24-25 |
| Additional Remaining Civil work for Construction of New Medical College, Residences Hostels etc. at Bundi, Rajasthan. (2) UBN: RRC2425WSOB00398 | 335.57 Lakh | |
| Construction of Type-I Quarter and Type-II Qtr. (2 Nos.) Residential Quarters for Judicial Officers at Barmer. UBN: RRC2425WSOB00400 | 320.00 Lakh | ई-192/ 24-25 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

**VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY, KOTA**
(Rawathbhata Road, Kota -324021
(Estate Cell)

**NOTICE INVITING E-TENDER'S**

E-Bids are invited for "ARC for Electrical maintenance work in University campus" (NIB 16/2024-25 & UBN: VMU2425SLRC00015 ) and "ARC for Repair & maintenance work of Sanitary system and water supply system of University campus at VMOU, Kota" (NIB 17/2024-25 & UBN: VMU2425SLRC00016). Further details may be obtained from http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & www.vmou.ac.in w.e.f. 02/09/2024.
Raj.Samwad/C/24/4606 OIC Estate

**कार्यालय नगर विकास न्यास, पाली**
जिला कलेक्ट्रेट परिसर, पाली
फोन नं. 02932-223222 ई मेल- uitpali@gmail.com
क्रमांकः न्या.पा./विज्ञापन/2024/1889 दिनांक 02.09.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या-12/2024-25**

नगर विकास न्यास, पाली की और से न्यास/राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑन-लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा न्यास कार्यालय, पाली में कार्य दिवस के दौरान भी देखी जा सकती है।

| कार्य | यू.बी.एन नम्बर ( sppp.rajasthan.gov.in ) |
| --- | --- |
| सिविल कार्य | ITP2425WSOB00014, ITP2425WSOB00015 |

राज.संवाद/सी/24/4637 अधिशाषी अभियन्ता

**कार्यालय नगरपालिका नसीराबाद, जिला अजमेर (राज.)**
E-mail : nasirabadnagarpalika@gmail.com PH. NO. 01491-297191
क्रमांक : न.पा.न./निर्माण/2024-25/1511 दिनांक : 30.08.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या (05/2024-25)**
(NIB NUMBER - DLB2425A2182)

एतद्द्वारा यह है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।
निविदा के कुल कार्य -03 (तीन)
UBN NO.- 1. DLB2425WSRC07077, 2. DLB2425WSRC07078
3. DLB2425WSRC07079
अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/24/4586 नगरपालिका नसीराबाद

**स्टार्स मल्टीपर्पज़ को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड**
तृतीय तल, डोर नं. 5-9-15, ए.पी. सेक्रेटेरिएट के सामने, सैफ़ाबाद, हैदराबाद-500063
टेलीफोन : 040-23295940, ई-मेल आईडी : stars.mpcsl@starsmcsl.in (रजिस्ट्रेशन संख्या-MSCS/CR/940/2014)

**सूचना**

स्टार्स मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के सदस्यों की ग्यारहवीं वार्षिक आमसभा शुक्रवार 27 सितम्बर, 2024 को प्रातः 11:00 बजे पंजीकृत कार्यालय में सम्पन्न होगी।

कार्यसूची
1. पिछली जनरल मीटिंग के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।
2. वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंकेक्षित वित्तीय विवरण पर विचार करना तथा इसे स्वीकृत करना।
3. वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंकेक्षक प्रतिवेदन तथा वार्षिक प्रतिवेदन पर विचार करना और स्वीकृत करना।
4. अंकेक्षण अनुपालन रिपोर्ट पर विचार करना और स्वीकृत करना।
5. शुद्ध लाभ के निस्तारण पर विचार करना और स्वीकृत करना।
6. विशिष्ट आरक्षित और अन्य निधियों के सृजन और उनके वास्तविक उपयोग पर विचार करना और स्वीकृत करना।
7. वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट पर विचार करना और स्वीकृत करना।
8. वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक कार्य योजना पर विचार करना और स्वीकृत करना।
9. सदस्यों को उन कर्मचारियों की सूची के संदर्भ में अवगत कराना जो बोर्ड के सदस्यों व प्रबन्ध निदेशक के संबंधी हैं।
10. बहु-राज्य सहकारी समितियां (संशोधन) अधिनियम 2023 के अनुपालन में सोसाइटी के पंजीकृत उपनियमों में संशोधन पर विचार करना और स्वीकृत करना।
11. बोर्ड के सदस्यों के लिए आचार संहिता तैयार करने के संदर्भ में सदस्यों को अवगत कराना।
12. सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण द्वारा बोर्ड के पुनः चुनाव कराने के संदर्भ में सदस्यों को अवगत कराना।
13. वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सांविधिक अंकेक्षक की नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति पर विचार करना और स्वीकृत करना।
14. माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 29.03.2023 के अनुपालन में 31.03.2024 तक "सी.आर.सी.एस. सहारा रिफण्ड पोर्टल" के माध्यम से किये गये भुगतान के संदर्भ में अवगत कराना।
15. अन्य विषय, यदि कोई है, को अध्यक्ष की अनुमति से प्रस्तुत करना।

स्थान : हैदराबाद बोर्ड के आदेशानुसार
दिनांक : 29 अगस्त, 2024 कृते-स्टार्स मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड
प्रबन्ध निदेशक

नोट :
कृपया सूचित रहे कि यदि मीटिंग के निर्धारित समय के आधे घण्टे के भीतर निर्दिष्ट संख्या (कोरम) उपस्थित नहीं होती तो मीटिंग स्थगित कर दी जायेगी तथा स्थगित मीटिंग उसी दिन अर्थात 27 सितम्बर, 2024 को दोपहर 12:00 बजे आयोजित की जायेगी ताकि कार्यसूची पर इंगित कार्यों का निष्पादन हो सके। इस प्रकार स्थगित मीटिंग में निर्दिष्ट संख्या (कोरम) की आवश्यकता नहीं होगी।

**सिरोही ट्रांसमिशन लिमिटेड**
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016

**सूचना**
(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप-धारा (2) के अंतर्गत)

1. सिरोही ट्रांसमिशन लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016 में है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निगमित है, ने विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप-धारा (1) के अंतर्गत ट्रांसमिशन लाइनों, सब-स्टेशनों और अन्य परिसंपत्तियों के संबंध में ट्रांसमिशन लाइसेंस प्रदान करने के लिए केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष आवेदन किया है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्र. सं. | लाइन/सबस्टेशन का नाम (नोट के अनुसार स्थान) | बीपीसी/क्षमता की सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार लाइन की लंबाई | ट्रांसमिशन शुल्क (रुपये) मिलियन प्रति वर्ष | अनुसूची सीओडी | टिप्पणियां |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | 765/400 kV सिरोही सबस्टेशन और संबंधित उपकरण | 3000 एमवीए, 730 एमवीएआर (बस रियेक्टर) 480 एमवीएआर (एसएलआर | 2908.53 | टीएसए की प्रभावी तारीख अर्थात 22.08.2024 से 24 महीने | |
| 2. | 765 kV फतेहगढ़-IV (खंड-2) पीएस-सिरोही पीएस डी/सी लाइन | 232.634 कि.मी. | | | |
| 3. | फतेहगढ़-IV (खंड-2) पीएस पर 765 kV लाइन बेज | 480 एमवीएआर | | | |
| 4. | 400 kV सिरोही पीएस-चित्तौड़गढ़ (पीजी) डी/सी लाइन | 210.801 कि.मी. | | | |
| 5. | चित्तौड़गढ़ (पीजी) एस/एस पर 400 kV लाइन बेज | 160 एमवीएआर | | | |

नोटः (i) क्रम सं. 1, 2, 3, 4 और 5 के स्थान राजस्थान राज्य में है
(ii) संपूर्ण दायरे के लिए कृपया https://www.powergrid.in/subsidiaries देखें

2. आयोग के समक्ष दायर किया गया पूर्ण आवेदन और अन्य दस्तावेज पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट https://www.powergrid.in/subsidiaries पर उपलब्ध हैं, जिन्हें कोई भी व्यक्ति देख सकता है। आवेदन का निरीक्षण कंपनी के कार्यालय में द्वारा ईडी (टीबीसीबी), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सौदामिनी, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-29, गुड़गांव 122001 में श्री जे आर यादव, परियोजना प्रभारी, सिरोही ट्रांसमिशन लिमिटेड के पास या आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार आयोग के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. आपत्तियां या सुझाव, यदि कोई हों तो, उन्हें समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित होने के 15 दिनों के भीतर आवेदक या उसके अधिकृत एजेंट को आपत्ति/सुझाव की एक प्रति के साथ सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, 7वीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

स्थानः नई दिल्ली जे आर यादव,
परियोजना प्रभारी,
दिनांकः 04.09.2024 सिरोही ट्रांसमिशन लिमिटेड

एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/ Notice (TBCB)/Advt-24/24-25 Paramin

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सचिवालय में किया निरीक्षण

## कई अधिकारी-कर्मचारी गैर हाजिर मिले

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज सुबह अचानक सीएमओ से रवाना होकर सचिवालय की मेन बिल्डिंग में निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। इस दौरान सीएम भजनलाल ने सचिवालय के मुख्य भवन में करीब 10 मिनट बिताए।

सीएम ने कई अधिकारियों के दफ्तरों का निरीक्षण किया। कई अधिकारी अपने दफ्तरों में नहीं मिले। हालांकि औचक निरीक्षण में कितने अधिकारी गैर हाजिर मिले, इसको लेकर आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। बताया जा रहा है कि गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों की जानकारी सीएमओ ने मांगी है। मुख्यमंत्री आज सुबह सीएमआर से रवाना होकर सीधे सीएमओ पहुंचे। वहीं, सीएमओ से अपनी टीम को लेकर सचिवालय में निरीक्षण करने लगे। सीएम भजनलाल के निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत का मौजूद नहीं रहना भी चर्चा का विषय बना रहा।

अमूमन देखा गया है कि सीएस सुधांश पंत सरकारी कार्यालयों में औचक निरीक्षण के लिए पहुंच जाते हैं। लेकिन आज सीएम भजनलाल शर्मा के निरीक्षण के दौरान वे मौजूद नहीं थे। सीएम भजनलाल ने अपने निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, गृह विभाग, कार्मिक विभाग, मेडिकल विभाग के उच्च अधिकारियों के दफ्तरों का निरीक्षण किया। सीएम ने अधिकारियों की मौजूदगी के साथ-साथ कमरों की स्थिति को भी बारीकी से देखा।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को सुबह अचानक सचिवालय की मुख्य बिल्डिंग में निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। इस दौरान सी.एम.ने सचिवालय के मुख्य भवन में करीब 10 मिनट बिताए।**

## मुख्यमंत्री ने दुर्गा लाल माली के घर जाकर दिलाई पार्टी की सदस्यता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता दुर्गा लाल माली के निवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भाजपा सदस्यता अभियान-2024 के तहत माली को पार्टी की सदस्यता दिलाई। साथ ही उनका सदस्यता नवीनीकरण भी करवाया।

मुख्यमंत्री ने माली को बधाई देते हुए कहा कि वे जनसंघ के जमाने से भाजपा के कार्यकर्ता हैं तथा विभिन्न पदों पर आसीन रहे हैं। इन जैसे कर्मठ कार्यकर्ताओं के कारण ही जनसंघ जैसा छोटा पौधा आज भाजपा रूपी वट वृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही आज भाजपा न केवल देश, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। शर्मा ने राजस्थान में 1 करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य पर कहा कि राजस्थान की संस्कृति सवाया की है। हम 1 करोड़ सदस्य के लक्ष्य को पार कर सवा करोड़ के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर संयोजक अरूण चतुर्वेदी, सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा एवं वरिष्ठ मण्डल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि दुर्गा लाल माली वर्ष 1973 से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं।

# राज्यपाल का काम आराम करने का नहीं, उसके पास बहुत ताकत है : माथुर

**जयपुर।** नागरिक अभिनंदन समारोह समिति के द्वारा बिड़ला ऑडिटोरियम में सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का अभिनंदन और स्वागत समारोह किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेश मदन राठौड़ सहित भाजपा के मंत्री पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने कहा कि राज्यपाल का काम आराम करने का नहीं है। राज्यपाल के पास बहुत ताकत है। अगर वह काम करना चाहे तो इतनी ताकत है, जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते हो। राज्यपाल का फंड अलग होता है। मैंने सिक्किम में सार्वजनिक रूप से कहा है कि मैं जनता का आदमी हूं। गवर्नर हाउस में बैठने के लिए नहीं आया हूं। सिक्किम का राजभवन 24 घंटे जनता के लिए खुला रहेगा।

- **सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का नागरिक अभिनंदन समिति के द्वारा जयपुर में भव्य स्वागत**

समारोह में राज्यपाल माथुर ने अपने राजनीतिक जीवन से जुड़े कई किस्सों को साझा किया। उन्होंने कहा कि मैंने राजस्थान के सभी ब्लॉक मोटरसाइकिल से घूमे। आज मुझ जैसे कार्यकर्ता को मोटरसाइकिल से लेकर चार्टर में घूमने के काबिल पार्टी ने बनाया। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा पार्टी के लिए काम किया। मेरी पीएम नरेंद्र मोदी से अच्छे दोस्ती रही, लेकिन कई घटनाएं भी हुईं। उन घटनाओं का जिक्र मैं यहां नहीं करूंगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यहां वो कार्यकर्ता हैं जिनको ओम माथुर ने काम देकर आगे बढ़ाने का काम किया हैं। पहली मुलाकात ओम माथुर किसान सघ में थे तब हुई। राम मंदिर, यूपी चुनाव के साथ साथ उसके बाद युवा मोर्चा के अध्यक्ष बनाया, तब सतीश पूनिया अध्यक्ष थे तब यात्रा निकाली। उसमे माथुर का मार्गदर्शन मिला। 2004 में झारखंड के प्रभारी थे तब भी काम किया। झारखंड में नक्सलवाद के चलते माथुर को प्रभारी बनाया। जिस होटल हम रुके थे वहां ही माथुर रुके थे। तब उन्होंने कहा कि आप जल्दी ही चुनाव प्रचार करके वापस आ जाया करो। भाजपा कार्यकर्ता के साथ माथुर का स्नेह हमेशा रहा है। संस्कृति व विचार को लेकर माथुर ने काम किया। माथुर ने संगठन महामंत्री के नाते पार्टी ने सभी सीटों पर चुनाव लड़ाया गया ओर सरकार बनी। सिक्किम में भी माथुर को कोई न कोई टाक्स दिया हैं।

रामचरण बोहरा ने स्वागत भाषण के दौरान सभी का स्वागत किया। ओम माथुर का सभी के साथ लगाव हैं इसके कारण ही इतनी संख्या में कार्यकर्ता स्वागत करने आए है।

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि ओम माथुर एक साधारण कार्यकर्ता की कहानी हैं। मोदी के नेतृत्व में इतने कार्यकर्ता राज्यपाल बनाए हैं ये स्वागत योग्य हैं। ओम माथुर के साथ 12 साल तक लगातार काम करने का मौका मिला। ओम माथुर ने नरेंद्र मोदी के साथ गुजरात मे समन्वयक बैठाया। ये काम ओम माथुर ही कर सकते हैं। जब कोई ये कहते थे कि इस बार पार्टी के इनको ठंडे में लगा दिया तो वही दिल्ली की ओर से किसी न किसी पद पर बैठाया है। वही अब पार्टी ने इनको राज्यपाल बना कर सुशोभित किया। जब मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत थे तब पंचायत समिति व जिला परिषद में चुनाव पार्टी के सिब्बल पर करवाए। कार्यकर्ता माथुर के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर संयम रखकर काम करे। एक बार मैंने भी अलग गली निकाल ली थी, संयम रखकर काम करने वाले महामहिम बन जाता है लेकिन गली निकलने वाले माननीय तक ही सीमित रहते हैं।

# हाईकोर्ट में बिक रहे दूषित खाद्य पदार्थों पर आयोग ने लिया प्रसंज्ञान

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य मानवाधिकार आयोग ने खाद्य विभाग की ओर से बीते दिनों हाईकोर्ट परिसर की कैंटीन में कार्रवाई कर दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री करने और फूड लाइसेंस भी नहीं होने के मामले में स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया है। इसके साथ ही आयोग ने स्वास्थ्य सचिव, उपभोक्ता निदेशालय, खाद्य सुरक्षा आयुक्त, सभी जिलों के कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कार्रवाई करने को कहा है। आयोग ने यह आदेश इस संबंध में प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट्स पर प्रसंज्ञान लेते हुए दिए। आयोग ने इन अधिकारियों को कहा है कि वे खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए समय-समय पर कार्रवाई करें। इस दौरान दुकानदारों के पास फूड लाइसेंस नहीं मिलने पर नगर पालिका व निगमों के प्रभावी त्वरित कार्रवाई करें, ताकि मिलावटी सामग्री से जनता का बचाव हो सके। आयोग ने राज्य सरकार से यह भी अपेक्षा की है कि वह इस संबंध में बने कानून के विषय में प्रभावी विधायी नियमों को जल्दी लागू करे।

- **खाद्य विभाग को कार्रवाई के लिए कहा**

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि खाद्य विभाग ने हाईकोर्ट परिसर स्थित कैंटीनों का निरीक्षण किया था। इस दौरान टीम को अवधि पार फूड, फफूंद लगी सामग्री मिली। वहीं किसी भी दुकानदार के पास फूड लाइसेंस भी नहीं था। यहां घरेलू गैस सिलेंडर भी काम में लिए जा रहे थे। निरीक्षण के दौरान एक कैंटीन में सड़ी सब्जियां, कृत्रिम रंग, गंदे बर्तन, कोरोना काल से पड़ी नमकीन, सहित अन्य गंदा सामान मिला। आयोग ने कहा कि अधिवक्ता न्यायालयों में काम कर कुछ देर सुस्ताने के लिए चाय या अन्य खाद्य पदार्थ का सेवन करता है, लेकिन यहां वे भी सुरक्षित नहीं मिलते। खाद्य विभाग त्योहारों के दौरान प्रभावी कार्रवाई करता है, लेकिन आम दिनों में कार्रवाई में शिथिलता के चलते मिलावटी खाद्य सामग्री जनस्वास्थ्य को कष्ट पहुंचाते हैं।




**राजस्थान हाईकोर्ट की कैंटीन में मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थ मिलने के बाद मंगलवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा और महासचिव सुशील पुजारी व अन्य अधिवक्ताओं ने कैंटीन का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची।**

## आर.ए.एस. भर्ती परीक्षा की विज्ञप्ति पर उठे सवाल

**जयपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री व बायतु विधायक हरीश चौधरी ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि पिछले दिनों राजस्थान विधानसभा सत्र के दौरान चिकित्सा मंत्री ने सदन में घोषणा की थी कि चिकित्सा विभाग में प्रक्रियाधीन फार्मासिस्ट भर्ती की नियुक्तियां अगस्त में दे दी जाएगी।

हरीश चौधरी ने बताया कि प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सदन में बेरोज़गार युवाओं को राहत देने के लिए भर्तियों के संबंध में अगस्त महीने की बात की थी, पर अगस्त गुजर जाने के बाद भी फार्मासिस्ट भर्ती-2023 की अंतिम सूची जारी नहीं हुई है जिसको लेकर बेरोजगार युवाओं में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आपके वादों और दावों का क्या हुआ, इसको लेकर प्रदेश क़े युवा व जनता जवाब मांग रही है। इसी तरह हरीश चौधरी ने राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती- 2024-25 भर्ती परीक्षा को लेकर जारी की गई विज्ञिप्त को लेकर कहा कि इस भर्ती में जो पदों का असंवैधानिक बँटवारा किया गया है वह आरक्षित वर्गों के साथ सरासर अन्याय है। विधायक हरीश चौधरी ने अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी वर्ग को उनके प्रतिशत के अनुसार आरक्षण देते हुए आयोग से पुनः विज्ञिप्त जारी करने की मांग की।

# राज्यपाल को देवनानी ने विधानसभा में किये नवाचारों की जानकारी दी



**विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने छत्रपति वीर शिवाजी के विशिष्ट कौशल, अद्भुत मूल्यों और वीर कर्मों पर आधारित वे. शेषाद्री की पुस्तक ''हिन्दू विजय युग प्रर्वतक'' राज्यपाल को भेंट की।**

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से शिष्टाचार भेंट की। देवनानी ने राज्यपाल का शॉल ओढाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया। स्पीकर देवनानी ने छत्रपति वीर शिवाजी के विशिष्ट कौशल, अद्भुत मूल्यों और वीर कर्मों पर आधारित हो। वे. शेषाद्री की पुस्तक "हिन्दू विजय युग प्रर्वतक" राज्यपाल को भेंट की। राज्यपाल ने राजस्थान विधानसभा की दैनन्दिनी 2024-25 का अवलोकन कर नवाचार की सराहना करते हुए प्रकाशन को देशभर के विधान मण्डलों के लिए नजीर बताया।

राज्यपाल बागडे ने भारतीय नव वर्ष से प्रारम्भ विधान सभा डायरी देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने डायरी में प्रत्येक महीने के आरम्भ में प्रकाशित महापुरुषों के चित्रों की पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी सराहना की। देवनानी ने बताया कि विधानसभा के इतिहास में पहली बार दैनन्दिनी का प्रकाशन भारतीय वर्ष के अनुसार नव संवत्सर 2081 के माह चैत्र शुक्ल, प्रतिपदा से दैनन्दिनी को आरम्भ किया गया है। महापुरुषों भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर, महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान, छत्रपति शिवाजी, महर्षि दयानन्द सरस्वती, मीरा बाई, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, स्वामी विवेकानन्द, सुभाष चन्द बोस, महावीर स्वामी और चन्द्र शेखर आजाद के चित्रों का डायरी में समावेश किया है। विधान सभा में किये नवाचारों की पुस्तिका भेंट की।

## खाली प्लॉट में पड़ा मिला युवक का शव

**जयपुर।** करधनी इलाके में एक खाली प्लॉट में मंगलवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि निवारू गांव में स्थित खाली प्लाट में युवक का शव पडा मिला है। युवक की लाश मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। खाली प्लाट के पास लोगों की भीड इकट्ठा हो गई। पुलिस कंट्रोल रुम को लाश मिलने की सूचना दी गई। पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस के मौका-मुआवना करने पर लाश के पास नशे के इंजेक्शन पड़े मिले। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन उसका नाम-पता मालूम नहीं चला। पुलिस ने शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में नशे के ओवर डोज के चलते युवक की मौत होना सामने आया है। मृतक की उम्र करीब 30 साल है।

# जयपुर में हैरिटेज संरक्षण और विकास पर 100 करोड़ रु. खर्च करेगी सरकार : दिया कुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि राज्य सरकार ने बजट में जयपुर शहर के हेरिटेज संरक्षण और विकास के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। जिससे जयपुर शहर में हेरिटेज संरक्षण और विकास पूर्ण नियोजन के साथ किया जाना है। उसी प्लान की तैयारियों के परिपेक्ष्य में मंगलवार को जयपुर शहर के विभिन्न स्थलों का जायज़ा लिया है और जयपुर की हेरिटेज से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को विभिन्न विकास कार्यों के लिए निर्देशित किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से जयपुर शहर को विरुपण से बचाने के साथ ही हेरिटेज को संरक्षित किया जाना है। इसके साथ ही जल महल की पाल का पुनः विकास कर वहां बोटिंग शुरू करवाना है। किशनपोल बाजार स्थित महाराज'ज स्कूल ऑफ आर्ट को फिर से विकसित किया जाना प्रमुख बिंदु हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को प्रातः जयपुर की चारदीवारी क्षेत्र और पर्यटन महत्व के अन्य स्थनों का सघन दौरा किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री के साथ जयपुर नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराना, ट्रेफिक डीसीपी प्रीति चंद्रा, उपनिदेशक पर्यटन विभाग उपेन्द्र सिंह शेखावत मौजूद रहे।

दिया कुमारी ने प्रातः 8 बजे से चारदीवारी शहर का निरिक्षण शुरू किया जिसमें उन्होंने सिटी पैलेस चांदनी चौक से होते हुए त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, अजमेरी गेट, न्यू गेट, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, सुभाष चौक, जोरावर सिंह गेट तक निरीक्षण किया। साथ ही जल महल से लेकर आमेर मावठे तक का लगभग दो घंटे सघन निरीक्षण किया।

दिया कुमारी ने सबसे पहले सिटी पैलेस के ही बाहर चांदनी चौक की सफाई का निरिक्षण किया। साथ ही बिल्डिंग्स पर लटके हुए वायर्स व पोल्स को ठीक करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने त्रिपोलिया-छोटी चौपड़ के बाज़ारों में लगे हुवे पोस्टर्स बैनर्स को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये सब हमारी हेरिटेज को विरुपित (डिफेस) कर रहे हैं। दिया कुमारी ने बाजार में निरीक्षण करते समय कहा कि दुकानों के नाम रंग-बिरंगे होने की जगह एक ही कलर में होने चाहिए।

## मांस की दुकानों पर निगम की कार्रवाई

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के निर्देश पर उपायुक्त पशु प्रबंधन मनोज कुमार वर्मा एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेन्द्र चिराणा के नेतृत्व में दो टीमों का गठन कर विशेष अभियान चलाकर अवैध मीट की दुकानों, थड़ियों पर कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेन्द्र चिराणा, अशोक मीणा सहित पशु प्रबंधन शाखा की टीम मौजूद रहे। गत 28 अगस्त से चल रहे इस अभियान के तहत अब तक पांच दिन में 4 लाख 48 हजार से अधिक कैरिंग चार्ज वसूल किया जा चुका है तथा 760 किलो से अधिक अवैध मीट मांस जब्त किया जा चुका है। 17 से अधिक दुकानों, थड़ियों को सीज किया जा चुका है एवं 16 अवैध थड़ियों को मौके पर ही ध्वस्त किया जा चुका है।

# राज्य सरकार को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस गोल्ड पुरस्कार

**जयपुर।** केन्द्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान करने के लिए उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग के तहत उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए राज्य सरकार को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस (गोल्ड) पुरस्कार 2024 से मुम्बई में मंगलवार को आयोजित 27 वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस के दौरान सम्मानित किया है। यह पुरस्कार प्रदेश द्वारा सिलिकोसिस रोग की पहचान के लिए टेली-रेडियोलॉजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के अभिनव उपयोग और प्रभावित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के स्वतः स्वीकृति पोर्टल निर्माण के लिए प्रदान किया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग के सचिव डॉ समित शर्मा ने अपनी टीम के सदस्य एच गुईटे एवं डॉ सिसोदिया के साथ ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और 10 लाख रुपए का कैश अवार्ड प्राप्त किया।इस नवाचार का नेतृत्व डॉ. शर्मा ने अपने सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के शासन सचिव रहते हुए किया। राज सिलिकोसिस पोर्टल सार्वजनिक सेवा वितरण में अत्याधुनिक चिकित्सा प्रौद्योगिकी और एआई के एकीकरण में एक महत्वपूर्ण प्रगति का उदाहरण प्रस्तुत करती है साथ ही नागरिक-केंद्रित शासन और स्वास्थ्य सेवा के प्रति राजस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

राज्य सरकार ने सिलिकोसिस बीमारी के निदान एवं राहत के लिए एक अभिनव आईटी समाधान विकसित किया है। जो डिजिटल एक्स-रे, टेली-रेडियोलॉजी और एआई एल्गोरिदम का उपयोग करके सिलिकोसिस की जांच को सुगम एवं त्वरित बनाता है।



**जलदाय विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने अपनी टीम के सदस्य एच. गुईटे और डॉ. सिसोदिया के साथ ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और 10 लाख रुपए का कैश अवार्ड प्राप्त किया।**

# नाबालिग ने दोस्तों से खुद का अपहरण करवाकर 40 लाख की फिरौती मंगवाई

## मुहाना थाना पुलिस ने साजिश रचने वाले नाबालिग को निरूद्ध कर, अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले 4 युवकों को गिरफ्तार किया



**मुहाना थाना पुलिस ने नाबालिग के अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले युवकों को गिरफ्तार किया।**

जयपुर। मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपने शौक पूरा करने के लिए एक व्यवसायी के नाबालिग लडके ने खुद के अपहरण की कहानी रच कर दोस्तों से फोन करवाकर चालीस लाख की फिरौती मांगी। पुलिस ने इस मामले में अपहरण की झूठी कहानी रचने वाले नाबालिग लडके सहित छह दोस्तों को पकड़ा है। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस के पीछे पड़ने पर अपहरणकर्ता बने दोस्त व अपहरण हुआ नाबालिग अपने घर वापस लौट आए। बदमाशों से बचकर छूटकर आने की नाबालिग लडके ने व्यवसायी पिता को बोला कि वह उससे कितना प्यार करते हैं, यह चैक कर रहा था।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि भरतपुर के रहने वाले व्यवसायी ने मुहाना थाने में मामला दर्ज कराया था कि वह श्याम नगर मुहाना में परिवार के साथ रहता है और मुहाना में ही कुर्ती का व्यवसाय खोल रखा है। उसका सत्रह वर्षीय नाबालिग बेटा भी पिछले दो से तीन महीने से व्यवसाय में सहयोग कर रहा था। एक सितम्बर को शाम को नाबालिग बेटा घर के पास ही पतासी खाने के लिए गया था। देर शाम फोन करने पर मोबाइल बंद मिला। घर नहीं लौटने पर काफी ढूंढने के बाद भी पता नहीं चला।

देर रात अपहरणकर्ताओं ने उसे फोन कर कहा कि उसके का अपहरण कर लिया गया और उसे छोड़ने के लिए 40 लाख रुपए की फिरौती मांगी। और चालीस लाख रुपये नहीं दी तो इसे जान से मार देंगे। व्यवसायी ने नाबालिग बेटे का अपहरण कर चालीस लाख रुपए की फिरौती मांगने की जानकारी पुलिस को दी। आरोपित अपहरणकर्ता ऐप के जरिए मोबाइल नंबर बदलकर बार-बार कॉल कर फिरौती के लिए धमकाते रहे। साथ ही दो सितम्बर को सुबह ग्यारह बजे तक चालीस लाख रुपए की व्यवस्था करने के लिए कहा। फिरौती की रकम नहीं देने पर बेटे को जान से मारने की धमकी दी। व्यवसायी के नाबालिग बेटे का अपहरण कर चालीस लाख रुपए की फिरौती मांगने का पता चलने पर पुलिस की टीमों को रवाना किया गया। पुलिस ने अपहरण को लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में अपहरण हुआ नाबालिग एक कार में बैठता दिखाई दिया। पुलिस ने अपहरणकर्ताओं की संदिग्ध कार का पीछा करना शुरू किया। साथ ही रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर अपहरणकर्ताओं द्वारा स्विफ्ट कार किराए पर लेने का पता चला। अपहरणकर्ताओं की कार का जीपीएस के जरिए पीछा करना शुरू किया।

अपहरणकर्ताओं को पकडने पुलिस टीम टोंक जा पहुंची। पुलिस को देखकर कार में बैठकर बदमाश जयपुर की ओर भाग निकले। पीछा करते हुए पुलिस टीम सोमवार रात वापस मुहाना आ पहुंची। इस बीच अपहरणकर्ताओं से छुट कर नाबालिग अपने घर जा पहुंचा। नाबालिग बेटे के सुरक्षित घर आने के बारे में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के कहने पर परिजनों को अपहरण को लेकर शक हुआ। बार-बार बात बदलने पर झूठ पकड़ में आने पर नाबालिग बेटा बोला कि वह चेक कर रहा था कि पापा आप मुझसे कितना प्यार करते है। सख्ती से पूछताछ में पांच दोस्तों के साथ मिलकर अपहरण का प्लान बनाना बताया। पुलिस ने देर रात दबिश देकर अपहरण में शामिल दोस्त विकास सैनी, रिंकू मीणा, सोमरस कुशवाह और गणेश चावला को गिरफ्तार किया है और साथ ही नाबालिग को भी पकड़ा। इसके अलावा अपहरण हुए नाबालिग को भी निरूद्ध किया है। जो फिरौती की रकम मिलने पर मौज-शौक पूरा करना चाहते थे। योजना के तहत उन्होंने ढाई हजार रुपए किराए पर कार ली थी।

पुलिस के पीछे पड़ने का पता चलने पर वापस मुहाना आकर एक बिल्डिंग की पार्किंग में कार खड़ी कर दी। कार वाले को पेट्रोल खत्म होने की कहकर जगह बता दी। फिर सभी अपने-अपने घर चले गए थे। जिन्हे पुलिस ने चिन्हित करते हुए पकडा।

# 'स्वच्छ भारत मिशन के तहत विद्यालयों में हो रहे शौचालय निर्माण कार्यों में तेजी लाएं'

**बीकानेर,** (कासं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत विद्यालयों में हो रहे शौचालय निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीन स्तर तक पहुंचाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसमें यदि किसी कार्मिक द्वारा लापरवाही बरती गई, तो उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अधिकारियों को ग्राम पंचायतों के घुमंतू और अर्द्धघुमंतू भूमिहीन परिवारों का सर्वे कर 2 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर एक भी पात्र परिवार इससे वंचित नहीं रहें इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने मनरेगा कार्यस्थल पर श्रमिकों की नियमित रूप से उपस्थित दर्ज करने सहित मोबाइल नंबर अपडेट करने और मनरेगा श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।



बीकानेर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग की प्रगति समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास सूची में शेष रहे पात्र परिवारों का सत्यापन व इंद्राज रिपोर्ट की प्रगति जानकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पंचायतों में लंबित विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि इन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में नवनिर्मित शौचालयों, विद्यालयों की चारदीवारी, सार्वजनिक भवनों, पौधारोपण के कार्यों की फोटो सहित जियो टैगिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवि गर्ग सहित विकास अधिकारी उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य दल आपके द्वार :** हनुमानगढ़ में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए जिले में स्वास्थ्य दल-आपके द्वार अभियान का दूसरा चरण दो सितम्बर से प्रारम्भ हुआ, जो तीस सितम्बर तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत सोर्स रिडक्शन, एंटीलार्वल, एंटीअडल्ट गतिविधियों के आयोजन के साथ ही आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि बारिश के मौसम में विशेषकर अगस्त, सितम्बर व अक्टूबर माह में मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियां अधिक फैलती

- **ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित**

है। मच्छरों के फैलाव को रोकने व बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले में गत 5 से 31 अगस्त तक स्वास्थ्य दल-आपके द्वार अभियान का प्रथम चरण आयोजित किया गया।

इसी कड़ी में 2 सितम्बर से अभियान का दूसरा चरण प्रारम्भ हुआ, जो 30 सितम्बर तक आयोजित किया जायेगा। इसमें चिकित्सा विभाग समेत अन्य विभागों का भी अहम योगदान रहेगा। इस दौरान चिकित्सा विभाग की टीमें घर-घर जाकर मच्छरों से निजात पाने के उपायों के साथ ही मौसमी बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए आमजन को जागरूक करेंगी।

डॉ. शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य दल-आपके द्वार अभियान के दूसरे चरण में जिला स्तर व खंड स्तर पर पर गठित टीमों की ओर से सोर्स रिडक्शन, एंटीलार्वल, एंटीअडल्ट गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य-कार्मिकों की ओर से लार्वा मिले कंटेनरों को उपचारित करवाया जायेगा। जल-भराव वाले स्थानों पर (टेमीफोस, एमएल) डाली जायेगी।

## नशा तस्कर को 10 साल की सजा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। नशा तस्करी के जुर्म में न्यायालय ने एक व्यक्ति को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

न्यायालय ने दोषी रमनदीप बत्तरा पुत्र सतनाम निवासी पुरानी आबादी पर 1 लाख रूपए जुर्माना भी लगाया है। ये निर्णय सोमवार को विशेष एनडीपीएस न्यायालय ने सुनाया। विशेष लोक अभियोजक विजेंद्र कुमार घिंटाला के अनुसार 9 वर्ष 4 माह पुराने प्रकरण का आरोपी रमनदीप जमानत पर था, जिसे सजा सुनाए जाने के बाद जेल भेज दिया गया।

विशेष लोक अभियोजक विजेंद्र घिंटाला के अनुसार 10 अप्रैल 2015 को पुरानी आबादी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी थी कि रमन पुरानी आबादी के वार्ड नंबर 13 स्थित अपने मकान में नशीली दवाओं का कारोबार करता है। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी अपने घर के सामने गली में छह सात कार्टन के साथ खड़ा दिखाई दिया। इसमें दवाईयां थी। पुलिस ने मौके पर औषधि नियंत्रण अधिकारी पंकज जोशी को बुलाकर दवाईयां दिखाई तो इसमें कुछ दवाएं एनडीपीएस घटक की थी। कार्टनों की तलाशी लेने पर कार्टनों में 9 डिब्बों में दो तरह की एनडीपीएस घटक की दवाएं मिली। इसमें क्रमशः 2000, 700 और 690 गोलियों सहित कुल 3390 नशे की गोलियां थी। पुलिस ने दवाएं बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर रमन को गिरफ्तार किया था।

## सार-समाचार

### नए विद्यार्थियों का स्वागत किया



रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय में सीनियर विद्यार्थियों ने नूतन प्रवेश छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया।

**बीकानेर,**(कासं)। रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय में आज विधि प्रथम वर्ष के छात्र तथा छात्राओं का सीनियर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में नूतन प्रवेश तथा विधि कक्षाओं की शुरूआत होने पर स्वागत किया। इस अवसर पर विधि द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाया गया तथा मुंह मीठा करवाकर स्वागत तथा अभिनंदन किया। विधि द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की गौरवशाली परम्परा को आगे बढाते हुए सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनन्त जोशी ने सभी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय का एक गरिमापूर्ण इतिहास रहा है जिसके अनुरूप ही आज विधि द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने प्रथम वर्ष के साथियों का स्वागत कर उस परम्परा को आगे बढाया है। प्राचार्य डॉ. जोशी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से महाविद्यालयों में सौहार्द का वातावरण रहता है तथा रैगिंग जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगता है। स्वागत कार्यक्रम के बाद महाविद्यालय के सभी विद्यर्थियों ने महाविद्यालय में रैगिंग जैसी गतिविधियों से दूर रहने की शपथ ली। द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को यह भरोसा दिलाया कि महाविद्यालय के सभी छात्र एक दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से सहयोग की प्रवृत्ति के साथ अध्ययन करेंगे।

### शिक्षक सम्मान समारोह 5 को

**बीकानेर,** (कासं)। सेवानिवृत शिक्षा अधिकारी समिति बीकानेर द्वारा भारत रत्न, दार्शनिक, शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर शिक्षक दिवस एवं वार्षिकोत्सव समारोह 5 सितम्बर को प्रातः 10:00 बजे से शिव मन्दिर प्रन्यास भवन, जयनारायण व्यास नगर, बीकानेर में मनाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार मित्तल ने बताया कि इस समारोह में समिति के 70 वर्ष या अधिक आयु वाले प्रेमसिंह बीठू, संध्या जैन, रामप्रसाद पुरोहित, गॉस मोहम्मद, राजीव उपाध्याय, देवेन्द्र गौड़, मूलचन्द सोलंकी, सुशीला हर्ष, जेठमल सांखला, उषा गोस्वामी एवं गिरीश दुबे को शिक्षक ऋषि सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में 90 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सदस्यों को शिक्षक राजऋषि तथा 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सदस्यों को शिक्षक महर्षि सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले नौ विद्यार्थियों को भी प्रतिभा सम्मान से पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर ज्ञान ज्योति-2024 स्मारिका एवं निर्देशिका का विमोचन, गीत एवं काव्य पाठ की प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता तरुण गौड़ करेंगे। बागेश्वरी साहित्य, कला सांस्कृतिक विरासत संस्था बीकानेर द्वारा 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान का कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। संस्था अध्यक्ष अब्दुल शकूर सिसोदिया ने बताया कि रा. बा. उ. मा. वि. लालगढ, बीकानेर में जिन शिक्षकों ने समर्पित भाव से बच्चों को पढ़ाई में आगे बढाया है। उन शिक्षकों का सम्मान 5 सितम्बर को सुबह ग्यारह बजे किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक शाला प्रधानाध्यापिका चंदा खत्री ने बताया कि सम्मान समारोह की अध्यक्षता संस्कृतिकर्मी - साहित्यकार राजेन्द्र जोशी करेंगे। मुख्य अतिथि संगीतज्ञ अहमद बशीर और विशिष्ट अतिथि कवि-कथाकार राजाराम स्वर्णकार होंगे। कार्यक्रम का संचालन शकूर बीकाणवी करेंगे।

### संयुक्त निदेशक पंवार का अभिनंदन



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार का अभिनंदन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। सामाजिक रूप से पिछड़े और जरूरतमंद लोगों की सेवा और सहयोग के लिए मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार का अभिनंदन किया गया। सीन क्रिएशन के कृष्णकांत व्यास ने बताया कि पंवार द्वारा विधवा, वृद्ध और दिव्यांगजनों सहित अन्य जरूरतमंदों को सरकारी सहायता और सहयोग दिलाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। यह अनुकरणीय और दूसरों के लिए प्रेरणादायी है। इस दौरान उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक हरगोविंद मित्तल और सहायक निदेशक जनसंपर्क हरिशंकर आचार्य मौजूद थे। पंवार को बाबा रामदेव की वुडन रेप्लिका भेंट कर अभिनंदन किया गया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित गंगनहर में डूबने से युवक की मौत

- **नरेश जाट ट्रैक्टर-ट्राली लेकर कालूवाला बाइपास की ओर जा रहा था, गंगनहर के पुल के निकट पहुंचने पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नाथांवाला की तरफ बह रहे पानी में गिर गया**

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। गंगनहर के एसएसबी रोड के पुल पर एक ट्रैक्टर चालक ट्राली सहित नहर में डूब गया। हादसा सोमवार शाम को करीब साढ़े चार-पांच बजे हुआ। हालांकि देखते ही देखते मौके पर जुटी भीड़ ने मदद को संसाधन जुटाए। आधे घंटे में युवक को बाहर निकालकर निजी अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सदर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

परिजनों की ओर से परिवाद पर आगे की कार्रवाई होगी। सदर थाना के ड्यूटी अधिकारी हैड कांस्टेबल बंतराम ने बताया कि चक चार ई छोटी निवासी 32 वर्षीय नरेश जाट पुत्र ओमप्रकाश अपनी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर चार ई से कालूवाला बाइपास की ओर जा रहा था। गंगनहर के पुल के निकट पहुंचने पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नाथांवाला की तरफ बह रहे पानी में गिर गया। करीब आधे घंटे बाद जेसीबी की मदद से युवक को नहर से बाहर निकाला गया। लेकिन तब डूब जाने से उनकी मौत हो चुकी थी। मौके पर मीरा चौक चौकी से प्रभारी राजकुमार मजौका भी टीम सहित पहुंच गए थे। नागरिक सुरक्षा विभाग की राहत एवं बचाव टीम को भी लोगों ने बुला लिया था। घर जाने वाली सड़क से एक किमी दूर गया। खुद को सीट से बांधा, हादसा या आत्महत्या, जांच होगी। नरेश कुमार चार ई छोटी निवासी आदराम का ट्रैक्टर-ट्राली पर चालक की नौकरी करता था।

यह ट्रैक्टर नगर परिषद में कचरा उठाने के काम पर लगाया हुआ है। युवक अविवाहित था। छोटा भाई भी अविवाहित है। वह शाम को काम से वापस लौटते हुए घर जाने के बजाय चार ई छोटी रोड तिराहे से कालूवाला बाइपास की ओर चला गया। रास्ते में गंगनहर की पुल पर ट्रैक्टर ट्राली को नहर में ही उतार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह अपने घर को जाने के रास्ते से एक किलोमीटर आगे निकलकर आया। फिर जब उसको बाहर निकाला तब सीट पर उसने खुद को साफे से बांधा हुआ था। इस कारण काफी मशक्कत करनी पड़ी और समय लगा। अब यह जांच का विषय है कि यह हादसा है अथवा उसने आत्महत्या की है। सदर थाना के हैड कांस्टेबल बंतराम ने बताया कि कई बार चालक आदतन खुद को साफे से ट्रैक्टर की सीट पर बांधकर रखते हैं। इसलिए इस बारे में अभी कुछ स्पष्ट नहीं है।

घटना के समय गंगनहर के एसएसबी पुल पर कुछ युवक नहा भी रहे थे। गनीमत रही कि इनमें से किसी को चोट नहीं लगी। जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली सहित नहर में गिरी तो जोरदार धमाके ने सबका ध्यान खींचा। इसके बाद नहर के किनारों पर लोग जुटने लगे। मौके पर नहा रहे युवकों ने तुरंत ही ट्रैक्टर की सीट पर बैठे युवक को बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन पानी गहरा थाा।

## 196 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की संगरिया थाना पुलिस ने देर रात 196.82 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद कर कार सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्त में आये तीनों आरोपी युवक टिब्बी तहसील के गांव गुडिया के निवासी हैं। पुलिस इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान में जुटी है। संगरिया पुलिस थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि थाना के एसआई प्रमोद सिंह के नेतृत्व में गठित टीम देर रात्रि को गश्त कर रही थी।

गश्त के दौरान मुखबिर के जरिए मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संगरिया से 36 हैड को जाने वाली सड़क पर रोही संगरिया में रिट्ज कार नम्बर डीएल 6 सीएन 2459 को रुकवाया तो उसमें तीन युवक सवार थे। तलाशी के दौरान कार सवारों के कब्जे से 196.82 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने कार जब्त कर परवेज अख्तर पुत्र अहम्मद नवाज निवासी वार्ड एक गुडिया, सलमान पुत्र साहनबाज निवासी वार्ड पांच गुडिया व जावेद अख्तर (32) पुत्र जफार मोहम्मद निवासी वार्ड पांच गुडिया तहसील टिब्बी को गिरफ्तार किया।

# पत्नी व प्रेमी ने मिलकर की थी रूपराम की हत्या

- **खचवाना मर्डर का खुलासा, पत्नी व बेटा-बेटी गिरफ्तार, प्रेमी और सहयोगियों की तलाश जारी**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की भादरा थाना पुलिस ने मंगलवार को गोगामेड़ी थाना क्षेत्र के खचवाना नृशंस हत्याकांड का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी, पुत्री और पुत्र गिरफ्तार किया है। प्रेम संबंधों के चलते की गई हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास पुलिस कर रही है।

गोगामेड़ी पुलिस थाने में दर्ज मुकदमे की जांच कर रहे भादरा पुलिस थाना प्रभारी हनुमाना राम बिश्नोई ने बताया कि 27 अगस्त को विनोद कुमार पुत्र ओमप्रकाश जाट निवासी गांव खचवाना पीएस गोगामेड़ी ने अपने भाई रूपराम की हत्या उसकी पत्नी अंजू, पुत्र मनीष वगैरा की ओर से कर ढाणी में शव को कहीं खुर्द-बुर्द करने की आशंका व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में मृतक रूपराम की नृशंस हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए मृतक रूपराम का शव घर में ही निर्माणाधीन 25 फीट गहरी कुई से बरामद कर पोस्टमार्टम करवाया गया।

थाना प्रभारी बिश्नोई ने बताया कि मृतक की पत्नी अंजूबाला (40) को गिरफ्तार कर अनुसंधान कर तकनीकी साक्ष्यों की मदद से अपराध में संलिप्त मृतक के पुत्र मनीष (22) और पुत्री ममता (20) को गिरफ्तार कर गहनता से अनुसंधान किया गया। मृतक की हत्या के बाद पहने कपड़े आदि अंजूबाला की निशानदेही से घर में बनी कुई से बरामद किए गए। हत्या में संलिप्त सुनील कुमार निवासी फतेहपुरिया जिला सिरसा, हरियाणा व उसके साथियों की तलाश जारी है।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी हनुमाना राम बिश्नोई, कांस्टेबल सुभाष, मदन व सुनीता शामिल थे। इस कार्रवाई में कांस्टेबल सुभाष की विशेष भूमिका रही।

# चार साल से फरार 20 हजार का इनामी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। यहां की सदर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट, एससीएसटी एक्ट के प्रकरण में चार साल से फरार इनामी भगौड़े (299 सीआरपीसी), थाना स्तर के टॉप-10 वांछित अपराधी को मंगलवार को धर दबोचा।

सदर पुलिस थाना प्रभारी एसआई लाल बहादुर चन्द्र ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान की निरंतरता में एएसआई मूसे खां के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए गए। टीम ने थाना में 2020 में दर्ज मुकदमा नम्बर 242/20 धारा 363, 366, 376(2)(एन) भादंसं व 5एल/6 पॉक्सो व 3 एससीएसटी एक्ट में 299 सीआरपीसी में स्थाई वारंटी सुशील उर्फ शीलू पुत्र बख्तावर सिंह उर्फ भगताराम निवासी वार्ड तीन, बरसीन पीएस फतेहबाद जिला फतेहबाद हरियाणा जो मुकदमा दर्ज होने के प्रारंभ से ही वर्ष 2020 से फरार था। उसकी गिरफ्तारी के काफी प्रयास किए। मगर वह पकड़ में नहीं आया। उस पर 20 हजार रूपए का इनाम जारी करवाया गया। आरोपी का पता हरियाणा में होने के कारण एसटीएफ हिसार से समन्वय कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## कचरा डालने पर विरोध जताया

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ नगर पालिका की ओर से घर-घर कचरा संग्रहण कर कालू रोड पर स्थित एक डंपिंग यार्ड में डालने पर मोहल्ले के लोगों ने मौके पर पहुंचकर यहां कचरा नहीं डालने की बात कहते हुए नारेबाजी की।

लोगों ने बताया कि यहां आबादी क्षेत्र में शिव मंदिर और बड़ी सरकारी स्कूल स्थित है। इसके अलावा लोगों का निवास होने के कारण कचरे से परेशानी होगी। मोहल्ले के श्यामसुंदर पुरोहित, रणजीत बोहरा, महादेव बोहरा, पार्षद पवन उपाध्याय सहित कई लोगों ने विरोध किया। सफाई निरीक्षक कमल चांवरिया ने बताया कि यहां कचरा डालने का कार्य स्थाई नहीं है।

# एस.आई.भर्ती परीक्षा पेपर लीक में मंजू गोदारा गिरफ्तार

- **एसओजी ने गांव 4 एमडी निवासी मंजू देवी गोदारा को गिरफ्तार किया**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। एसआई/प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा 2021 में फर्जीवाड़े की आंच श्रीगंगानगर जिले तक पहुंच गई है। एसओजी ने रामसिंहपुर थाना क्षेत्र के गांव 4 एमडी निवासी मंजूदेवी गोदारा पुत्री श्रीराम गोदारा को ट्रेनिंग सेंटर से गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है।

आरोपिया का ससुराल चूरू जिले के गांव में है। वह एमए बीएड है और अध्यापिका बनना चाहती थी। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि लीक किया गया पेपर उस तक किसने किस माध्यम से पहुंचाया था। यह भी पता नहीं चल पाया है कि उसके परिवार की ओर से लीक हुए पेपर के बदले कितनी रकम का किसको भुगतान किया गया था। एसओजी की टीम गिरफ्तार मंजू देवी गोदारा से पूछताछ कर रही है। जानकारी में आया है कि मंजू के पिता और परिवार के सदस्य 4 एमडी गांव छोड़कर बीकानेर के पूगल तहसील के गांव हनुमाननगर में किसी नजदीकी रिश्तेदार के यहां ठहरे हुए हैं। मंजू की प्रारंभिक पढ़ाई धांधड़ा गांव से ही हुई थी। इसके बाद मंजू ने अनूपगढ़ से बीएड की। लगभग 3 वर्ष पहले चूरू जिला निवासी इंद्र कुमार पूनिया पुत्र रणबीर पूनिया से उसकी शादी हो गई थी। इस दौरान मंजू को जोधपुर पढ़ने के लिए भेजा गया। मंजू के ससुराल पक्ष के लोग खेती-बाड़ी कर रहे हैं जबकि उसके ताया ससुर पूगल तहसील के हनुमान नगर में रह रहे हैं। वे सरकारी अध्यापक हैं तथा राजनीति में भी दिलचस्पी रखते हैं।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुविधाएं बढ़ाकर बच्चों को लाभान्वित करें : कलेक्टर

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। समेकित बाल विकास सेवाएं की राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत जिला अभिसरण समिति, जिला स्तरीय निगरानी तथा समीक्षा समिति, जिला स्तरीय पोषाहार प्रबंधन समिति एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी सहित अन्य मौजूद थे।

बैठक में जिला कलेक्टर ने समेकित बाल विकास सेवाएं की राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत जिला अभिसरण समिति, जिला स्तरीय निगरानी तथा समीक्षा समिति, जिला स्तरीय पोषाहार प्रबंधन समिति एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समिति की समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति और उनके कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं को दूर किया जाये। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर



श्रीगंगानगर कलेक्टर लोकबन्धु और विधायक जयदीप बिहाणी ने समेकित बाल विकास सेवाएं की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग आपस में समन्वय करते हुए केन्द्र और राज्य सरकार की मंशा के अनुसार बच्चों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधित जांच, सहायता और प्रशिक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय, पेयजल, बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिन आंगनबाड़ी केन्द्र के भवनों


- **समेकित बाल विकास सेवाएं की समीक्षा बैठक में कलेक्टर और विधायक ने निर्देश दिए**

में मरम्मत करवाई जानी है। प्राथमिकता से उनका चयन करते हुए उक्त कार्य पूर्ण किया जाये। शिक्षा विभाग से निरन्तर समन्वय करते हुए बच्चों को उचित सुविधाएं दी जाये। विद्यालय परिसर में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन एवं भवन निर्माण की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाल विकास परियोजना कार्यालयों के भवन निर्माण हेतु जगह आवंटन एवं निर्माण कार्य नियमानुसार करवाये जाये। गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों से संबंधित विकास और निर्माण कार्यों में संबंधित विभागीय अधिकारी समयावधि का ध्यान रखें।

# 'चिकित्सा में भ्रांतियां एवं तथ्य' पुस्तक का लोकार्पण

**बीकानेर,** (कासं)। देश विदेश में विख्यात मधुमेह रोग विशेषज्ञ भीलवाड़ा मूल के पी.जी.आई.एम.आर. चंड़ीगढ़ में अंतः स्त्रावी हार्मोन विभाग के प्राचार्य व विभागाध्यक्ष एंडोक्राइनोलोजिस्ट डॉ. संजय भदादा व बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेन्द्र पारीक की पुस्तक 'चिकित्सा में भ्रांतियां एवं तथ्य' का लोकार्पण समता नगर में आयुर्विज्ञान के देव धन्वंतरि की स्तुति व वंदना के साथ किया गया।

विभिन्न रोगों में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने वाली इस हिन्दी भाषा की पुस्तक में विशेषज्ञ चिकित्सकों से सलाह मशवरा कर विविध रोगों के बारे में सरल भाषा में लिखा गया है। पुस्तक की मुख्य संवीक्षक पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्व विद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.सुनीता पारीक ने बताया कि हिन्दी में शायद यह हिन्दुस्तान में पहली किताब है जो रोगियों की भ्रांतियों व अंध विश्वासों को दूर कर विभिन्न रोगों के सही इलाज की प्रेरणा देती है। पुस्तक में चिकित्सा के संबंध में सामान्य भ्रांतियां यथा मछली



पी.जी.आई.एम.आर. चंड़ीगढ़ में हार्मोन विभाग के प्राचार्य डॉ. संजय भदादा ने 'चिकित्सा में भ्रांतियां एवं तथ्य' पुस्तक का लोकार्पण किया।

खाने से दमा ठीक होता है, ऊंटनी के दूध से मधुमेह नहीं होता, सीलिएक, मधुमेह, थैलेसीमिया आदि पुरानी बीमारियों के रोगी शादी नहीं कर सकते आदि का खंडन किया है। पुस्तक में बताया गया कि मरीज बीमारी को काबू में रखने पर सामान्य गतिविधियां और सामान्य जीवन जी सकता है। डॉ. सुनीता ने संवीक्षा में कहा कि पुस्तक में नवजात और बच्चों में भ्रांतियां यथा गर्म चिमटे से डाम लगाने से रोग ठीक होते है आदि का अमानवीय बताया।



यह सब प्रेस से है। मेरे दिमाग में यह बात कभी नहीं आई कि मेरा पुर्तगाल की टीम के साथ समय समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा, इसके ठीक विपरीत इसने मुझे ईमानदार बने रहने के लिए और भी अधिक प्रेरणा दी। – **क्रिस्टियानो रोनाल्डो**

**पुर्तगाल के फारवर्ड, एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।**




**आज का खिलाड़ी**

## ब्रेंडन मैकुलम




**इंग्लैंड** ने घोषणा की कि 2022 से टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम अगले साल की शुरुआत से एकदिवसीय और टी20 टीमों की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। यह नेतृत्व ढांचे में बदलाव का हिस्सा है। व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के कारण एक व्यक्ति के लिए दोनों भूमिकाएं निभाना मुश्किल कर दिया था क्योंकि छोटे और लंबे प्रारूप के मैच कभी-कभी एक ही समय पर भी होते हैं। मैकुलम और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड का मानना है कि कैलेंडर में बदलाव के कारण अब यह संभव है। मैकुलम के अनुबंध को 2027 तक बढ़ा दिया गया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

# पैरा तीरंदाजी : सेंगुल को हराकर पूजा पहुंची क्वार्टरफाइनल में






पेरिस, 3 सितंबर। भारतीय तीरंदाज पूजा ने मंगलवार को पैरा तीरंदाजी महिला व्यक्तिगत रिकर्व में तुर्की की सेंगुल यागमुर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय पैरा तीरंदाज पूजा ने तुर्की की सेंगुल यागमुर को 6-0 से हराया। भाग्यश्री शॉटपुट स्पर्धा के फाइनल में पदक से चूकी : भारतीय महिला शॉटपुट खिलाड़ी भाग्यश्री एम जाधव मंगलवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में महिलाओं की शॉटपुट एफ34 स्पर्धा के फाइनल में पदक से चूक गयी। भाग्यश्री ने आज खेले गए फाइनल मुकाबले में 7.28 मीटर का थ्रो फैंका और पांचवे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गयी।

# अब भारत बनाम बांग्लादेश के बीच टक्कर

## कप्तान नजमुल शंटो ने रोहित शर्मा को चेताया

नई दिल्ली, 3 सितंबर। पाकिस्तान को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से रौंदने के बाद बांग्लादेश टीम का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है। अब 19 सितंबर से बांग्लादेश को भारत में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है और बांग्लादेश के कप्तान नजमुल शंटो को उम्मीद है कि उनकी टीम भारत में दमदार प्रदर्शन करेगी।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 10 विकेट से अपने नाम किया था। दूसरा टेस्ट मैच 6 विकेट से जीत लिया। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम पर खेले गए दोनों मैच में पाकिस्तान ने क्रिकेट के तीनों डिपार्टमेंट में बांग्लादेश से बेकार प्रदर्शन किया और इसका असर सीरीज के रिजल्ट पर भी साफ नजर आया। पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीतने के बाद पोस्ट



मैच प्रेजेंटेशन में नजमुल ने कहा कि, ये जीत हमारे लिए बहुत मायने रखती है, जिससे शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। सच में बहुत खुश हूं। हम यहां जीत की तलाश में थे, और इस बात से बहुत खुश हूं कि सबने अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाया।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 को लेकर आईसीसी ने कर दी घोषणा

नई दिल्ली, 3 सितंबर। आखिरकार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल कब खेला जाएगा इसकी घोषणा आईसीसी ने कर दी है। दरअसल, डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 मुकाबला लंदन के



ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं इसका फाइनल 11 जून 2025 से खेला जाएगा। जबकि इस मुकाबले के लिए आईसीसी ने रिजर्व डे के तौर पर 16 जून का दिन तय किया है। बता दें कि, ये पहली बार होगा जब लॉर्ड्स में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जाएगा। इससे पहले 2021 का फाइनल साउथेम्पटन के द रोज बाउल और 2023 का फाइनल लंद के द ओवल में खेला गया था। जो न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। वहीं भारत को दोनों बार हार झेलनी पड़ी। वहीं ये फाइनल मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 साइकल के पूरा होने पर तालिका में टॉप दो टीमों के बीच खेला जाएगा। इसमें रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम पहले और वर्तमान चैंपियन ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है। हालांकि, टीमों के पास अभी भी मौका है। न्यूजीलैंड तीसरे, इंग्लैंड चौथे, श्रीलंका पांचवें, दक्षिण अफ्रीका छठे और बांग्लादेश सातवें नंबर पर हैं।

## सूर्यकुमार यादव मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ेंगे या नहीं

नई दिल्ली, 3 सितंबर। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के मुंबई इंडियंस (एमआई) से अलग होने को लेकर अटकलें लग रही हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्या आगामी



सीजन में शायद एमआई की ओर से नहीं खेलें। हालांकि, एमआई ने अटकलों का खंडन किया है। आईपीएल 2024 में मुंबई का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली एमआई 14 मैचों में से सिर्फ चार ही जीत सकी थी। पिछले सीजन में रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को कप्तानी सौंपे जाने पर फैंस ने जमकर नाराजगी जताई थी। हालांकि, हार्दिक ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में प्रभावी प्रदर्शन कर काफी हद तक फैंस की नाराजगी दूर कर दी। रोहित के टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर होने के बाद हार्दिक को छोटे फॉर्मेट में कप्तानी का दावेदार माना जा रहा था लेकिन बीसीसीआई ने सूर्या पर भरोसा जताया। आईपीएल रिटेंशन से पहले एमआई ने सूर्या को लेकर उड़ रही अफवाहों को खारिज कर दिया है। एमआई के एक सूत्र ने स्पोर्ट्स तक से कहा, ''नहीं, वह (सूर्यकुमार यादव) नहीं जाएंगे। लोग सिर्फ सोशल मीडिया पर अटकलें लगा रहे हैं, जिससे अधिक ध्यान आकर्षित जा सके।

# पेरिस पैरालिंपिक : दीप्ति जीवांजी ने 400 मीटर में कांस्य जीता

## भारत को अब तक 3 गोल्ड समेत 16 मेडल मिले

पेरिस, 3 सितंबर। पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने छठे दिन का पहला मेडल जीत लिया है। विमेंस टी-20 कैटेगरी की 400 मीटर रेस में भारत की दीप्ति जीवांजी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। दीप्ति ने 55.82 सेकेंड में रेस पूरी की। यूक्रेन को गोल्ड और तुर्किये को सिल्वर मेडल मिला। भारत अब तक 3 गोल्ड, 5 ब्रॉन्ज और 8 सिल्वर मेडल जीत चुका है। देश ने कल 8 मेडल जीते थे। दीप्ति पैरालिंपिक गेम्स के ट्रैक इवेंट में मेडल जीतने वाली भारत की दूसरी ही एथलीट बनीं। उनसे पहले प्रीति पाल ने टी-35



कैटेगरी की 100 मीटर और 200 मीटर रेस में इसी पैरालिंपिक में 2 ब्रॉन्ज मेडल दिलाए थे। आज अवनी लेखरा 50 मीटर शूटिंग में मेडल जीतने से चूक गई। विमेंस टी-20 कैटेगरी की 400 मीटर रेस में दीप्ति जीवांजी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## पूर्व क्रिकेटर अजय रात्रा चयन समिति के सदस्य बने

नई दिल्ली, 3 सितंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज अजय रात्रा को पुरुष सीनियर टीम की चयन समिति का नया सदस्य बनाया गया है। इस चयन समिति में आगरकर के अलावा शिव सुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी और एस शरत भी हैं। रात्रा चयन समिति में उत्तर क्षेत्र की अगुवाई करेंगे। वह अजीत आगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति में सलिल अंकोला की जगह लेंगे। रात्रा ने भारत के लिए छह टेस्ट मैच और 12 एकदिवसीय मैच खेले हैं। उनके नाम हरियाणा की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हुए 99 प्रथम श्रेणी मैचों में 4029 रन और 240 शिकार हैं। वह 2023 में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान टीम के कोचिंग स्टाफ में भी थे। इससे पहले वह असम, उत्तर प्रदेश और पंजाब की टीमों की भी कोचिंग कर चुके हैं।

## बांग्लादेश ने पाक को दूसरे टेस्ट में भी दी मात

नई दिल्ली, 3 सितंबर। रावलपिंडी में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला गया, जिसे बांग्लादेश टीम ने 2-0 से जीत लिया। इस मुकाबले में नजमुल हुसैन शांतो की कप्तानी में बांग्लादेश ने इतिहास रच दिया। बता दें कि, बांग्लादेश ने पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती है। बांग्लादेश की इस ऐतिहासिक जीत में मेहंदी हसन मेराज, लिटन दास, हसन महमूद और नाहिद राणा का अहम रोल रहा। टेस्ट सीरीज में हार से बचने के लिए पाकिस्तान को हर हाल में दूसरा टेस्ट अपने नाम करना था लेकिन शान मसूद की टीम ऐसा करने में नाकामयाब रही। दूसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश की भेंट चढ़ गया इसके बाद दूसरे दिन पाकिस्तानी बल्लेबाज फ्लॉप साबित हुए और पहली ही पारी में टीम 274 रन ही बना सकी। इसके बाद पहली पारी में बांग्लादेश की शुरुआत बेहद खराब रही। महज 26 रन के स्कोर पर टीम के 6 विकेट गिर गए। लेकिन इसके बाद लिटन दास ने 138 और गेंदबाजी में 5 विकेट लेने वाले मेहंदी हसन मेराज ने बेहतरीन वापसी करते हुए 78 रनों की पारी खेली और कमाल कर दिया। बांग्लादेशी टीम ने 26/6 से स्कोर को 262 तक पहुंचा दिया। वहीं दूसरे दिन पाकिस्तानी बल्लेबाज फुस्स रहे, अब्दुल्लाह शफीक, बाबर आजम, शान मसूद और सऊद शकील सभी फ्लॉप रहे। पूरी टीम महज 172 रनों पर सिमट गई। पहली पारी में 12 रनों की बढ़त के आधार पर पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 185 रन का टारगेट दिया। चौथे दिन जाकिर हसन और शादमान इस्लाम ने बांग्लादेश को तूफानी शुरूआत दिलाई, लेकिन बारिश और खराब मौसम बांग्लादेश की जीत में रोड़ा बन गया। अब पांचवें दिन इतिहास रचने के लिए बांग्लादेश को 143 रन और बनाने थे। पिच गेंदबाजों के लिए मददगार हो गई थी। लेकिन बांग्लादेश ने गजब का जज्बा दिखाया और सिर्फ चार विकेट खोकर लक्ष्य का पीछा कर लिया।

## शीतल देवी के मुरीद हैं बिजनेस टाइकून आनंद महिंद्रा



नई दिल्ली, 3 सितंबर। भारत के दिग्गज उद्योगपति और महिंद्रा एंड महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। आए दिन वह कुछ न कुछ शेयर करते हैं। वहीं उन्होंने सोमवार को एक पोस्ट किया, जो की पैरा युवा तीरंदाज शीतल देवी से जुड़ा है। उनका मंडे मोटिवेशन ट्वीट सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। बता दें कि, आनंद महिंद्रा शीतल देवी की तीरंदाजी और जीवन से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने शीतल देवी का बिना हाथों के निशानेबाजी करने का एक वीडियो शेयर करके अपना वादा याद दिलाया। बिजनेस मैन ने पहले कहा था कि शीतल मनचाही कार चुन सकती हैं, जो उसके हिसाब से कस्टमाइज भी की जाएगी।

एक्स पर महिंद्रा ने शीतल देवी की वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा कि असाधारण साहस, प्रतिबद्धता और कभी हार न मानने का जज्बा पदकों से जुड़ा नहीं है... शीतल देवी, आप देश और पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा की किरण हैं। लगभग एक साल पहले, आपकी अदम्य भावना को सलाम करते हुए मैंने आपसे हमारी रेंज से किसी भी कार को स्कीकार करने का अनुरोध किया था, हम आपके नेविगेशन को सक्षम करने के लिए इसे कस्टमाइज करेंगे।

आपने सही कहा कि आप 18 साल की हो जाएंगी तो आप ये प्रस्ताव स्वीकर कर लेंगी। जिसे आप अगले साल स्कीकार करेंगी। मैं आपसे वह वादा पूरा करने के लिए उत्सुक हूं। बता दें कि, शीतल देवी पैरों से धनुष को पकड़ती हैं और फिर कंधे से सहारे तीर खींचकर निशाना लगाती हैं। उन्होंने महज 17 साल की उम्र में अपने प्रदर्शन से हर भारतीय का दिल जीत लिया है। हालांकि, पेरिस पैरालंपिक के व्यक्तिगत इवेंट में वह मेडल नहीं जीत पाईं। प्री क्वार्टर फाइनल में उन्हें एक अंक से हार का सामना करना पड़ा।

## ब्रेंडन मैकुलम को मिली डबल जिम्मेदारी, बने इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम के हेड कोच

नई दिल्ली, 3 सितंबर। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ब्रेंडन मैकुलम को डबल जिम्मेदारी सौंप दी है। ईसीबी ने मंगलवार (3 सितंबर) को मैकुलम को इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम का भी हेड कोच नियुक्त कर दिया। वह जनवरी 2025 से नई जिम्मेदारी संभालेंगे। इंग्लैंड के वाइट बॉल कोच मैथ्यू मोट ने जुलाई में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। मैकलुम मई 2022 से इंग्लैंड की टेस्ट टीम के हेड कोच हैं। उनकी कोचिंग में इंग्लैंड ने कमाल का प्रदर्शन किया है। मैकुलम का कॉन्ट्रैक्ट बढ़ा दिया गया है। ईसीबी ने अपने एक फैसले से यू-टर्न लिया है। ईसीबी ने इंग्लैंड टीम के लिए स्प्लिट कोचिंग का मॉडल लागू किया था।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 50-50 रहेगा : पैट कमिंस

नई दिल्ली, 3 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) को लेकर बड़ा बयान दिया है। कमिंस का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि बीजीटी में टक्कर 50-50 की रहेगी। कमिंस के अलावा धाकड़ क्रिकेटर स्टीव स्मिथ के भी जज्बात उमड़े।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच आगामी सीरीज रोमांचक होगी। बता दें कि भारत को 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीरीज खेलनी है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो टेस्ट सीरीज में विजयी




परचम फहराया है। भारत पिछले करीब एक दशक से बीजीटी में दबदबा है। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2014-15 में यह ट्रॉफी जीती थी।

कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि दोनों टीमों की टेस्ट में आखिरी भिड़ंत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में हुई थी, जो न्यूट्रल कंडीशन (द ओवल, लंदन) में खेला गया। हमने उसमें बाजी मारी।

भारत के खिलाफ हमारा मुकाबला हमेशा बेहद प्रतिस्पर्धी होता है। हमेशा ऐसा लगता है कि यह 50-50 है। मैं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए बहुत उत्साहित हूं। कप्तान ने आगे कहा कि ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो सीरीज में हम सफल नहीं रहे। लंबा समय हो गया है। उम्मीद है कि अब बदलाव होगा। आप जानते हैं कि हमने भारत के खिलाफ कई बार हार का सामना किया है लेकिन हमने उनके विरुद्ध अनेक जीत भी हासिल की हैं, जिससे कॉन्फिडेंस मिलेगा।

# भारतीय हॉकी टीम पुरुष एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए चीन रवाना



बेंगलुरु, 3 सितंबर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार तड़के एशियाई चैपियंस ट्राफी 2024 में भाग लेने के लिए चीन के हुलुनबुइर के लिए रवाना हो गयी। पेरिस ओलंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम प्रतियोगिता में अपने खिताब को बरकरार रखने की प्रयास करेंगी। इस टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन भी शामिल है। भारत अपना अभियान आठ सितंबर को मेजबान चीन के खिलाफ शुरू करेगा उसके बाद नौ सितंबर को जापान से खेलेगा। भारत 11 सितंबर को मलेशिया और 12 सितंबर को कोरिया से भिड़ेगा। भारत 14 सितंबर को आखिरी पूल चरण के मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खेलेगा।

पूल की शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और 17 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपनी रवाना होने से पहले कहा, पेरिस ओलंपिक के बाद थोड़े आराम के साथ टीम एशिया में सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलने वाले देशों से भिड़ने और अपनी क्षमता साबित करने के लिए तैयार है। पेरिस में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन हॉकी बहुत करीबी खेल है हम अपनी उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं हो सकते। हमारा लक्ष्य हाई ऑक्टेन हॉकी खेलना और अपने खिताब बरकरार रखने पर होगा।

## फिटनेस, एकता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए मैराथन में दौड़े दो हजार धावक

ग्रेटर नोएडा, 3 सितंबर। फिटनेस, एकता और सामुदायिक भावना के साथ विभिन्न वर्ग के दो हजार से अधिक धावकों ने 'शिव नाडर यूनिवर्सिटी 10के चैलेंज' मैराथन के दूसरे संस्करण में हिस्सा लिया। शिव नाडर इंस्टीट्ययूशन ऑफ एमिनेंस यूनिवर्सिटी के कैंपस में ब्रिक्स खेलों की स्वर्ण पदक विजेता महिला मुक्केबाज अनामिका हूडा और शिव नाडर इंस्टीट्ययूशन ऑफ एमिनेंस के कुलपति और एचसीएल हेल्थकेयर के सीईओ तथा उपाध्यक्ष शिखर मल्होत्रा ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन का आयोजन तीन श्रेणियों 10 किमी दौड़, पांच किमी दौड़ और पांच किमी वॉक वर्ग में किया गया। इसमें विविध समूह ने एक व्यापक आयु वर्ग के लोग शामिल हुये। पुरुषों के 10के चैलेंज में अश्विन 32 मिनट 42 सेकंड में दौड़ पूरी करके विजेता बने। वहीं महिलाओं के 10के चैलेंज में नीता रानी ने शानदार प्रदर्शन के साथ 36 मिनट 24 सेकंड में दौड़ पूरी कर शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों की पांच किमी दौड़ में सुमित कुमार 16 मिनट चार सेकंड समय के प्रथम रहे। महिलाओं के 5 के चैलेंज में 18 मिनट 46 सेकंड में दौड़ पूरी करने वाली मदिना पाल विजेता रहीं। शिव नाडर यूनिवर्सिटी खेल विभाग के निदेशक डॉ. अमरीश टोनी ने कहा, शिव नाडर यूनिवर्सिटी 10के चैलेंज के दूसरे संस्करण के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया देखकर बहुत अच्छा लगा।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. BARAN**

File No.-1091 **Notice Inviting Bid** Date-29/8/2024

Bid for "Major road repair work on Annual rate Contract basis" NIT No. 10/2024-25 are invited from interested bidders up to 6.00 PM on 10-09-2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs.210.97 lacs.

**UBN No.**
1. PWD2425WSOB 4755
2. PWD2425WSOB 4756
3. PWD2425WSOB 4757
4. PWD2425WSOB 4758

(C.M. Bariwa)
Executive Engineer
PWD Division Baran

DIPR/C/8055/2024

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत बून्दी**

क्रमांक-अअ/जनस्वा/स्था./वृ.बून्दी/2024-25/2461-69 दिनांक:29.08.2024

**निविदा सूचना संख्या 01/2024-25 ( NIB No. PHE2425A1886)**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से वृत बून्दी के अधीन स्वीकृत विभिन्न शहरी पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in विभागीय वेबसाईट www.phedwater.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। निविदायें दिनांक 02.09.2024 से 18.09.2024 तक वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर अपलोड की जा सकेगी तथा तकनीकी बिड दिनांक 19.09.2024 को दोपहर 3:00 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी।

UBN code- PHE2425WSOB04163
PHE2425WSOB04164

( डी. एन.व्यास )
अधीक्षण अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
वृत बून्दी

DIPR/C/8031/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-सपोटरा**

क्रमांक 758-71 दिनांक -29.8.2024

**निविदा सूचना संख्या-08/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो/केन्द्रीय लोक निर्माण/ डाक एवं दुर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदको जो कि राज्य सरकार के एए ए बी सी डी श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो-से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। अल्पकालीन निविदाओ से संबंधित विवरण बेवसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | UBN No. | NIB No. |
|---|---|---|---|
| 1 | मिसिंग लिक ग्रामीण बाईपास रोड लेदिया मोड (गैरई रोड -गोकलपुरा मोड (सपोटरा रोड)- बालाजी घाटी (गंगापुर रोड NH 23) तक सडक निर्माण कार्य | PWD2425 WSOB04732 | PWD2425 A1321 |

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सपोटरा

DIPR/C/8047/2024

राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी(ML Bajri - XIII)/2024/ई 07885

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-।।। के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टों के आंवटन के लिए 13 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:-

| क्र. सं. | जिला | ग्राम (तहसील) | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टोंक | सतवाडा, संथली (देवली) | बजरी | 03 |
| 2 | जालौर | सफाडा (जालौर) | बजरी | 01 |
| 3 | भीलवाडा | खटवाडा, भारलियां, मालीखेडा, बिलियां, भवानी सिंह जी का खेड़ा, नन्दराय, पंडेरी, हरिसिंह जी का खेडा, पायला खुर्द व पायला कलां (मांडलगढ व कोटडी) | बजरी | 05 |
| 4 | डूंगरपुर | टामटीया व बरबूदनिया (सागवाडा व ओबरी) | बजरी | 01 |
| 5 | सिरोही | वासडा, सांतपुर, रेवडाकला, चन्द्रावती, क्यारिया, गुणका व दुनाकाकर (आबूरोड) | बजरी | 03 |

विशेष नोट-
1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

DIPR/C/7987/2024 (भगवती प्रसाद) निदेशक

**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान**
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल, कोटा
Email : nnksouth@gmail.com, Website : www.urban.rajasthan.gov.in/nnks

क्रमांक : ननिको/दक्षिण/निर्माण/2024/266-284 दिनांक : 02.09.2024

**-:: ई-निविदा संशोधन सूचना 02 ::-**

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा राष्ट्रीय मेला दशहरा वर्ष 2024 के अवसर पर टेन्ट हाउस संबंधित सामान किराये पर लेने, लगाने एवं बिछावत का कार्य हेतु पूर्व में जारी ई-निविदा सूचना संख्या 10/2024-25 क्रमांक 164-182 दिनांक 22.08.2024 की तिथियों व शर्तो में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है-

| क्र. सं. | विवरण | पूर्व में दिनांक | संशोधित दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) | 23.082024 से 03.09.2024 तक | 23.082024 से 05.09.2024 (दोपहर 12:00 बजे तक) |
| 2 | निविदा अपलोड करने की तिथि | 23.082024 से 03.09.2024 तक | 23.082024 से 05.09.2024 (दोपहर 12:00 बजे तक) |
| 3 | निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि | 04.09.2024 (दोपहर 02:00 बजे तक) | 05.09.2024 (दोपहर 02:00 बजे तक) |
| 4 | निविदा/तकनीकी बिड खोलने की तिथि | 04.09.2024 (सांय 04:00 बजे) | 05.09.2024 (सांय 04:00 बजे) |
| 5 | वित्तीय बिड खोलने की तिथि | तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात् | तकनिकी बिड परीक्षण के पश्चात् |

| क्र. सं. | पूर्व में वर्णित शर्त | संशोधित शर्त |
|---|---|---|
| 1 | तकनिकी बिड की शर्त 01 अनुसार धरोहर राशि निविदा राशि की 10 प्रतिशत राशि ली जावेगी। धरोहर राशि भुगतान के डी.डी./बैंकर्स चैक की प्रति तकनिकी बिड के साथ संलग्न करें। | धरोहर राशि निविदा राशि की 2 प्रतिशत राशि ली जावेगी। धरोहर राशि भुगतान के डी.डी./बैंकर्स चैक की प्रति तकनिकी बिड के साथ संलग्न करें। |
| 2 | निविदा की शर्त 01 अनुसार "निविदाओं में भाग लेने वाले सम्बन्धित इच्छुक अनुभवी संस्थाओं/फर्मो/कम्पनीयों एवं इच्छुक अनुभवी आवेदको द्वारा जमा की जाने वाली निविदा शुल्क/धरोहर राशि के डी.डी. आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण के नाम एवं प्रोसेसिंग फीस (MD RISL) जयपुर के नाम देय होगी। उक्त निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग शुल्क/धरोहर राशि के डी.डी. नियत समय में जमा कराया जाना होगा। इच्छुक अनुभवी संस्थाओं/फर्मो/कम्पनीयों एवं इच्छुक अनुभवी आवेदको को निविदा से संबंधित निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग शुल्क/धरोहर राशि के डी.डी. इत्यादि प्रतिष्ठित व अनुभवी रामलीला मण्डलीयों एवं इच्छुक अनुभवी आवेदको के नाम से बनवाये। | निविदा की शर्त 01 अनुसार "निविदाओं में भाग लेने वाले सम्बन्धित इच्छुक अनुभवी संस्थाओं/फर्मो/कम्पनीयों एवं इच्छुक अनुभवी आवेदको द्वारा जमा की जाने वाली निविदा शुल्क/धरोहर राशि के डी.डी. आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण के नाम एवं प्रोसेसिंग फीस (MD RISL) जयपुर के नाम देय होगी। उक्त निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग शुल्क/धरोहर राशि के डी.डी. नियत समय में जमा कराया जाना होगा। इच्छुक अनुभवी संस्थाओं/फर्मो/कम्पनीयों एवं इच्छुक अनुभवी आवेदको को निविदा से संबंधित निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग शुल्क/धरोहर राशि के डी.डी. इत्यादि इच्छुक अनुभवी संस्थाओं/फर्मो/कम्पनीयों एवं इच्छुक अनुभवी आवेदको के नाम से बनवाये। |
| 3 | तकनिकी बिड प्रपत्र की शर्त 10 अनुसार संवेदक द्वारा गत तीन वर्षो (वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24) में से किसी भी एक वर्ष में 90 लाख रूपये का Trunover की प्रति सी.ए. द्वारा प्रमाणित। | संवेदक द्वारा गत तीन वर्षो (वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24) में से किसी भी एक वर्ष में समान प्रकृति के कार्यो में 90 लाख रूपये का वार्षिक Trunover की प्रति सी.ए. द्वारा प्रमाणित। |

संवेदक निविदा संशोधन सूचना प्रपत्र नगर निगम कोटा की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, www.kotamc.org.com, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देख सकेंगे।

शेष यथावत रहेगा।

अतिरिक्त आयुक्त एवं मेला अधिकारी
नगर निगम कोटा दक्षिण

राज.संवाद/सी/24/4605

# भाजपा राज करने के लिए नहीं, बल्कि देश बदलने के लिये राजनीति करती है-भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री तथा प्रदेश अध्यक्ष ने राजस्थान में भाजपा का सदस्यता अभियान शुरु किया

जयपुर, 3 सितंबर (का.सं.)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और डॉ प्रेमचंद बैरवा को पार्टी का सदस्य बनाकर प्रदेश में सदस्यता अभियान का आगाज किया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने का

- **राजस्थान के 51,700 बूथों पर 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य हासिल करेंगे, भाजपा कार्यकर्ता- डॉ. अरूण चतुर्वेदी।**

आ ान किया और कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश की जनता को पार्टी की रीति-नीति और पंच निष्ठाओं से अवगत कराते हुए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का सदस्य बनाएं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को घर-घर जाकर हर परिवार से संपर्क करना है और सदस्य बनाना है। अगर कोई अभियान से जुड़ना नहीं चाहता है तो भी उसे पार्टी की रीति- नीति जरूर बताएं। भाजपा कार्यकर्ता सवा करोड़ के लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य करें। हम सब जन प्रतिनिधिगण अपने क्षेत्रों में अभियान को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।



*मु. मंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को पुनः भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसी के साथ ही प्रदेश में भाजपा के सदस्यता अभियान का आगाज हो गया।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदस्य बनाकर अभियान की शुरुआत की है। अब भाजपा, प्रदेश के साथ -साथ जिलों में सघन अभियान चलाएगी। भाजपा के कार्यकर्ता इस अभियान को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक लेकर जाएंगे और मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जनता के साथ चर्चा करेंगे।

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के साथ यह अभियान शुरु हुआ। अब 4 सितंबर को प्रदेश के प्रत्येक जिले में भाजपा के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्रेसवार्ता के माध्यम से अभियान को लॉन्च करेंगे।

चतुर्वेदी ने बताया कि भाजपा प्रदेश में सवा करोड़ सदस्यों को पार्टी परिवार का सदस्य बनाएगी। इसके लिए राजस्थान के 51 हजार 700 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं को 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। भाजपा सदस्यता अभियान के तहत 88 00 00 2024 नंबर पर मिस्ड कॉल कर या नमो ऐप, वेबसाइट और क्यूआर कोड स्कैन करके कोई भी व्यक्ति सदस्य बन सकता है। यह अभियान दो चरणों में चलेगा। इसका पहला चरण 25 सितंबर तक और दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

## स्पैम कॉलिंग के लिए 50 संस्थायें ब्लैक लिस्ट हुईं

नयी दिल्ली 03 सितंबर (वार्ता) भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के निर्देशों पर सेवा प्रदाताओं ने स्पैमिंग के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुये 50 से अधिक संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट कर दिया है तथा 2.75 लाख से अधिक एसआईपी डीआईडी/मोबाइल नंबर/दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन काट दिया है। ट्राई ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इन कदमों से स्पैम कॉल में कमी आने और उपभोक्ताओं को राहत मिलने की आशा है। ट्राई ने सभी हितधारकों से निर्देशों का पालन करने तथा स्वच्छ और अधिक दक्ष दूरसंचार इकोसिस्टम में योगदान देने का आग्रह किया है। वर्ष 2024 की पहली छमाही (जनवरी से जून) में अपंजीकृत टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) के खिलाफ 7.9 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज होने के मद्देनजर ट्राई ने पाया है कि स्पैम कॉल में बेतहाशा वृद्धि हुई है। ट्राई ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए 13 अगस्त 2024 को सभी सेवा प्रदाताओं को कड़े निर्देश जारी किए। इसने सेवा प्रदाताओं को एसआईपी, पीआरआई या अन्य दूरसंचार संसाधनों का उपयोग करने वाले अपंजीकृत प्रेषकों या टेलीमार्केटर्स की ओर से होने वाले प्रमोशनल वॉयस कॉल को तुरंत रोकने का आदेश दिया है।

- **टैलिकॉम रैगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इन संस्थाओं के अलावा 2.75 लाख से अधिक दूरसंचार संसाधनों एवं मोबाइल इत्यादि के कनैक्शन काट दिये हैं।**

## आर.पी.एस.सी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बजट सत्र में घोषणा की गई है कि प्रदेश में चार लाख सरकारी नौकरियां दी जायेंगी, जिनमें से एक लाख सरकारी नौकरियां मार्च, 2025 तक दी जायेंगी। ऐसे में इन सरकारी नौकरियों के लिए होने वाली भर्ती परीक्षाओं और इसकी चयन प्रणाली में पूरी पारदर्शिता होने के साथ ही, परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं और उनके माता-पिता में परीक्षा लेने वाली संस्था के प्रति विश्वसनीयता कायम रखना सरकार का दायित्व है।

# राहुल गांधी हरियाणा में आप से गठबंधन के इच्छुक हैं

## पर, भूपेन्द्र सिंह हुड्डा गठबंधन के पक्ष में नहीं लगते

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। अगले माह होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिये कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबन्धन होने की सम्भावना गति पकड़ रही है। समझा जाता है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी की राज्य इकाई से आग्रह किया है कि चुनावों में भाजपा की हार की सम्भावनाओं को अधिकतम स्तर तक पहुँचाने की खातिर इस गठबन्धन को एक मौका दे।

यद्यपि हरियाणा के चुनावों में अब मात्र एक महीना रह गया है तथा राजनैतिक दलों की तैयारियाँ पूरे जोर पर है, फिर भी ये दोनों दल राज्य विधानसभा के चुनाव में भी गठबन्धन को जारी रखने के प्रबल आकांक्षी प्रतीत हो रहे हैं। ज्ञातव्य है कि दिल्ली और हरियाणा में लोकसभा चुनाव इन दोनों दलों ने मिलकर लड़े थे।

आप नेता संजय सिंह ने आज इन मीडिया रिपोर्ट का स्वागत किया कि राहुल गांधी अगले माह होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए दोनों पार्टियों में सम्भावित गठबन्धन के बारे में कांग्रेस के नेताओं की राय जानने की कोशिश कर रहे हैं।

सिंह ने कहा कि इस मामले में अन्तिम निर्णय दिल्ली के मुख्यमन्त्री अरविन्द केजरीवाल से विचार-विमर्श करने के बाद ही लिया जायेगा। ज्ञातव्य है कि आप-प्रमुख केजरीवाल दिल्ली एक्साइज नीति, जो अब रद्द हो चुकी है, में हुए कथित घोटाले के सिलसिले में जेल में बन्द हैं।

समाचार एजेंसी ए.एन.आई. ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह को उद्धृत करते हुए कहा, "हम इसका स्वागत करते हैं। .......... हमारी प्राथमिकता भाजपा को हराना है। हमारे हरियाणा प्रभारी सन्दीप पाठक तथा (राज्य इकाई के अध्यक्ष) सुशील गुप्ता इस मामले में अन्तिम निर्णय लेकर, उसकी जानकारी अरविन्द केजरीवाल को देंगे। उसके अनुरूप निर्णय लिया जाएगा।"

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व मुख्यमन्त्री भूपिन्दर सिंह हुड्डा ने कहा कि दोनों पार्टियों के बीच गठबन्धन को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा, "हमारा गठबन्धन राष्ट्रीय स्तर का था। हमने उनसे कोई बातचीत नहीं की है। यहाँ लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है।" इस साल के शुरू में हुए लोकसभा चुनावों में, कांग्रेस ने हरियाणा में पाँच सीटें जीती थीं तथा 2019 की तुलना में काफी सुधार हुआ था। 2019 में, भाजपा ने राज्य की 10 लोकसभा सीटें जीती थीं। आप ने लोकसभा में हरियाणा में एक भी सीट नहीं जीती थी।

- **हुड्डा ने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर दोनों पार्टियों में गठबंधन हो सकता है, पर, हरियाणा में गठबंधन के प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हुई है। हुड्डा गठबंधन की अधिकतम 3-4 सीटें आप को देने को ही राजी हो सकते हैं।**
- **अगर, गठबंधन हुआ भी तो सीटों के बंटवारे पर काफी जबरदस्त सौदेबाजी होने की संभावना है।**
- **आप को लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन करके ज्यादा लाभ नहीं हुआ था, हालांकि, कांग्रेस को काफी फायदा हुआ था। कांग्रेस 10 संसदीय सीटों में से पाँच पर विजयी हुई थी, जबकि, इससे पहले भाजपा ने 10-0 के स्कोर से सभी सीटें जीती थीं।**

इससे पूर्व, केजरीवाल ने कहा था कि आप अकेली ही राज्य की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

समझा जाता है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कल आप के साथ गठबन्धन करने के मामले में पार्टी नेताओं की राय जानने के लिए पार्टी की चुनाव समिति की मीटिंग बुलाई थी। सूत्रों ने कहा कि हुड्डा 90 सीटों वाले सदन के चुनाव में आप उम्मीदवारों को अन्य सीटें ही देने के लिए तैयार हैं। समझा जाता है कि कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों की सूची को अन्तिम रूप दे दिया है तथा कल उम्मीदवारों की एक सूची जारी हो सकती है। कांग्रेस ने आप के साथ गठबन्धन के बारे में चर्चा को लेकर अधिकृत रूप से कुछ नहीं कहा है।

पता चला है कि राहुल गांधी ने आप के साथ गठबन्धन की व्यवहार्यता पर पार्टी नेताओं से रिपोर्ट माँगी है। सूत्रों ने कहा है कि कांग्रेस के प्रान्तीय नेताओं ने इस विचार को खारिज कर दिया है, लेकिन हाईकमान ने उनसे जमीनी स्थिति का पुनरावलोकन करने के लिए कहा है। सूत्रों ने कहा कि हाईकमान अगली साल होने वाले दिल्ली के चुनावों पर भी विचार कर रही है कि राजधानी के चुनावों के लिए पार्टी आप के साथ गठबन्धन कर सकती है या नहीं।

हरियाणा में इंडिया ब्लॉक की बड़ी जीत सत्तारूढ़ पार्टी के लिए एक और धक्का होगा। कांग्रेस नेतृत्व की नज़र विपक्षी इंडिया गठबन्धन को मजबूत करने तथा संसद के अन्दर और बाहर भाजपा पर दबाव डालने पर रहेगी। हरियाणा की जीत के लिए, वोटों को बँटने से रोकना बहुत जरूरी एवं महत्वपूर्ण है। इसलिए, कांग्रेस गठबन्धन करने पर ध्यान दे रही है, बशर्ते कि राज्य-नेतृत्व इससे सहमत हो जाए। कांग्रेस और आप ने हरियाणा की 10 सीटों तथा चन्डीगढ़ की संसदीय सीट के लिये गठबन्धन किया था। जहाँ कांग्रेस ने हरियाणा में पाँच सीटों के साथ, चन्डीगढ़ सीट भी जीती थी, वहीं आज को गठबन्धन से कोई खास लाभ नहीं हुआ था। चुनाव-परिणाम के कुछ समय बाद ही, हरियाणा के आप नेताओं के एक वर्ग ने हरियाणा की कुरूक्षेत्र दोषारोपण कांग्रेस पर किया था। इस पृष्ठ भूमि के चलते, ऐसी सम्भावना है कि इन विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस और आप के बीच किसी भी प्रकार की वार्ता में दोनों पक्ष अधिक से अधिक सीटें चाहेंगे।

## कीनिया में प्रमुख ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एयरपोर्ट को खरीदने के प्रयास में हैं। लेकिन इसके विरोध में स्थानीय वकर्स ने हड़ताल कर दी है। उनकी मुख्य चिंता नौकरी को लेकर है।

इस वर्ष के आरंभ में अडानी ने कीनिया एयरपोर्ट्स अथॉरिटी को जोमो कीनियाटा एयरपोर्ट चलाने के लिए एक प्रस्ताव भेजा था। इसमें नया टर्मिनल, टैक्सी वे सिस्टम आदि के लिए 750 मिलियन डॉलर के निवेश का प्रस्ताव था। इसके अलावा अन्य सुधार कार्यों के लिए 92 मिलियन डॉलर अतिरिक्त देने का प्रस्ताव है। यह सारा कार्य 2035 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है।

अडानी नए एयरपोर्ट बनाने के लिए भी 620 मिलियन डॉलर का निवेश करेंगे। कम्पनी शहर के समीपवर्ती क्षेत्र में होटल, बिजनैस सैंटर आदि भी खोलना चाहती है।

अडानी 30 साल के लिए एयरपोर्ट का संचालन करना चाहते हैं। उसके बाद यह कीनिया की सरकार को लौटा दिया जाएगा।

## 'वेतन से ज्यादा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बीच बैंक से वेतन के रूप में 16.80 करोड़ रूपए लिए थे।

आई.सी.आई.सी.आई. बैंक ने स्टॉक एक्सचैंज से नोटिस के जरिए स्पष्टीकरण जारी किया और कहा, माधवी पुरी बुच को बैंक छोड़ने के बाद जो राशि दी गई थी वह वेतन या एम्प्लाई स्टॉक ऑप्शन नहीं हैं बल्कि रिटायरमैंट बैनिफिट्स हैं।

कांग्रेस के मीडिया प्रकोष्ठ के चेयरमैन पवन खेड़ा ने आई.सी.आई.सी.आई. के स्पष्टीकरण की विसंगतियों पर सवाल उठाया।

खेड़ा ने कहा, तथाकथित रिटायरमैंट बैनिफिट्स में राशि व समय के हिसाब से इतनी विसंगति क्यों है, इतने वर्षों में भुगतान में काफी भिन्नता रही है। उन्होंने आगे कहा कि आई.सी. आई.सी.आई. द्वारा माधवी बुच को 2016-17 और 2020-21 के बीच जो तथाकथित रिटायरमैंट बैनिफिट्स मिले थे वे 277 लाख अर्थात् 2.77 करोड़ रूपए थे, जबकि 2016 से 2021 के बीच उन्हें आई.सी. आई. सी.आई. से 1.3 करोड़ रूपए बतौर वेतन मिले थे, ऐसा कैसे हो सकता है कि एक व्यक्ति को वेतन से ज्यादा रिटायरमैंट बैनिफिट्स मिलें हो।

कांग्रेस नेता ने आई.सी.आई.सी.आई. के स्पष्टीकरण पर जवाबी प्रहार करते हुए कहा कि क्या कोई भी कर्मचारी, जिसमें सेवानिवृत्त भी शामिल हैं को पद से हटने के दस साल बाद ई.एस.ओ.पी. के लेने का अधिकार रखता है।

आई.सी.आई.सी.आई. द्वारा सार्वजनिक रूप से बताई गई ई.एस.ओ.पी. नीति कर्मचारी को पद छोड़ने के मात्र तीन माह के भीतर ही बैनिफिट्स लेने का विकल्प देती है।

इसके आधार पर खेड़ा ने कहा, वह संशोधित नीति कहां है, जिसके तहत माधवी बुच नौकरी छोड़ने के 8 साल बाद भी ई.एस.ओ.पी. हासिल करने में सफल हुईं।

# क्या गणित है राहुल का आप से चुनावी गठबंधन में?

## यह प्रश्न इसलिये उठ रहा है, क्योंकि, आम धारणा है कि वातावरण वैसे ही कांग्रेस के पक्ष में है, इस बार हरियाणा में

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। इस प्रश्न ने बड़ी उत्सुकता एवं जिज्ञासा पैदा कर दी है कि ऐसे समय पर, जब मतदान-विशेषज्ञ हरियाणा के आसन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत की साफ-साफ भविष्यवाणी कर रहे हैं तो फिर राहुल ने आप के साथ सीट शेयरिंग डील प्रस्तावित क्यों की है? क्या ऐसा इसलिए है कि वे भाजपा-विरोधी वोटों के बिखराव को रोकने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतना चाहते हैं? या फिर उनका यह मानना है कि भाजपा की ही तरह, आप भी शहरी-क्षेत्र आधारित पार्टी है तथा इसलिए अरविन्द केजरीवाल को साथ लेने से भगवा पार्टी को बड़ी चुनौती दी जा सकेगी? या इसका कारण यह है कि वे विपक्ष के नेता की नई भूमिका में यह दिखाना चाहते हैं कि उनका दिल कितना बड़ा है? या फिर हरियाणा में कोई समझौता प्रस्तावित करके, वे दिल्ली के अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के लिए समझौते की कोई बेहतर की उम्मीद कर रहे हैं?

- **क्या इस प्रतीकात्मक एडजस्टमैन्ट से राहुल मानते हैं कि झारखंड व महाराष्ट्र के चुनावी माहौल में फायदा मिलेगा।**
- **वैसे यह भी सच है कि आप को भाजपा की भाँति एक शहरी पार्टी माना जाता है। अतः अगर आप और कांग्रेस में हरियाणा चुनाव में गठबंधन हुआ तो आप भाजपा के वोट काटेगी और अंततोगत्वा कांग्रेस को लाभ पहुँचायेगी।**
- **साथ ही आप-कांग्रेस में गठबंधन हुआ तो, राहुल यह मानते हैं कि एन्टी-भाजपा वोटों का विभाजन, बिखराव नहीं होगा चुनाव में।**
- **एक लाभ यह भी है कि हरियाणा में दरियादिली दिखाकर राहुल दिल्ली के विधानसभा चुनाव में और मजबूती से सौदेबाजी कर सकते हैं, आप से।**

कांग्रेस और आप ने इस साल हुए लोकसभा चुनाव दिल्ली में मिल कर लड़े थे, लेकिन उनका प्रदर्शन बहुत खराब रहा था तथा वे सभी सीटें हार गए थे। पंजाब में, दोनों ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा था तथा आप का प्रदर्शन अपेक्षा से कम रहा था। पंजाब की परिधि से लगी कुछ सीटों, तथा भौगोलिक रूप से दिल्ली के पास की कुछ सीटों, जैसे फरीदाबाद या गुरुग्राम के अलावा, आप की स्थिति हरियाणा में मजबूत नहीं है।

पार्टी ने इस साल कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट पर अच्छा प्रदर्शन किया था तथा आप उम्मीदवार भाजपा के नवीन जिन्दल से लगभग 29,000 वोटों से हारे थे।

लेकिन उनके अच्छे प्रदर्शन के पीछे मुख्य कारण यह था कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिन्दल के खिलाफ, आप प्रत्याशी के पक्ष में जमकर प्रचार किया था। दरअसल, जिन्दल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए थे।

कांग्रेस और आप के बीच के चुनाव पूर्व गठबन्धन से कांग्रेस को कोई खास लाभ नहीं मिलना है लेकिन समझौते का इंडिया ब्लॉक के भविष्य के लिहाज से, खास तौर से महाराष्ट्र एवं झारखंड के चुनावों में एक बड़ा प्रतीकात्मक महत्व होगा। यह कोई संयोग नहीं था कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन तथा उनकी पत्नी कल्पना ने राहुल गांधी की उपस्थिति में आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भेंट की थी।

# ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ अवॉर्ड वापसी मूवमैंट शुरु हुआ

## बंगला सिनेमा के प्रमुख अभिनेता सुदीप्त चक्रवर्ती, चंदन सेन और बिप्लब बनर्जी ने अवॉर्ड वापस करते हुये कहा है कि सरकार ने जनता की भावनाओं व न्याय की मांग को पूरी तरह से नज़रअंदाज किया है

कोलकाता, 3 सितम्बर। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या का ममाला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की ममता सरकार के खिलाफ गुस्सा इस कदर बढ़ गया है कि बंगाली मनोरंजन जगत के प्रमुख कलाकार अपने-अपने अवॉर्ड लौटाने लगे हैं। इस मामले को लेकर बंगाल में सियासी माहौल गरमा गया है। इस घटना ने पूरे राज्य में आक्रोश पैदा कर दिया है। आम हो या खास कई लोग डॉक्टरों के साथ मिलकर सड़कों पर उतर आए हैं। अब बंगाली फिल्म और थियेटर के कलाकार भी इस विरोध में अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं।

सुदीप्त चक्रवर्ती, चंदन सेन और बिप्लब बनर्जी जैसे मझे हुए कलाकारों ने राज्य सरकार से मिले अवॉर्ड को वापस करना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि सरकार ने जनता की भावनाओं और न्याय की मांग को नजरअंदाज किया है, जिससे वे बेहद आहत हैं।

ममता सरकार के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन पर टीएमसी विधायक कंचन मलिक ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जो कलाकार राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें राज्य सरकार से मिले सम्मान को वापस कर देना चाहिए। कंचन मलिक के इस बयान के बाद बंगाली कलाकारों का गुस्सा फूटा है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री सुदीप्तो चक्रवर्ती ने स्पेशल फिल्म अवार्ड लौटाने का फैसला किया है।

# ममता की पुलिस ने माना, जाँच ठीक तरीके से नहीं हुई

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। कोलकाता के पुलिस कमिश्नर, विनीत गोयल ने आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमण्डल के सामने स्वीकार किया है कि सरकारी अस्पताल, आर.जी.कार मैडिकल कॉलेज में मृत डॉक्टर का शव मिलने के बाद पुलिस क्राइम सीन को सुरक्षित करने और मामले की जांच करने में असफल रही है।

आंदोलनकारी डॉक्टरों ने आज सैंट्रल कोलकाता के लाल बाज़ार क्षेत्र में स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय के बाहर धरना दिया। छात्रों को फियर्ज लेन तथा बैन्टिंक स्ट्रीट क्षेत्र में रोका गया तथा पुलिस मुख्यालय की तरफ बढ़ने नहीं दिया गया।

आंदोलनरत छात्र आज सैंट्रल कोलकाता में सड़कों पर बैठे रहे और पुलिस कमिश्नर के इस्तीफे की मांग की।

पुलिस ने अंततः 22 जूनियर डॉक्टरों को एक प्रतिनिधिमण्डल के रूप में पुलिस कमिश्नर से मिलने और उनके समक्ष अपनी मांगें रखने की इजाज़त दे दी। तथापि, डॉक्टरों ने अपना आंदोलन समाप्त करने से इन्कार कर दिया तथा न्याय की मांग करते रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस या सी.बी.आई. ने अभी तक संदिग्ध लोग गिरफ्तार नहीं किए हैं तथा ये तत्व स्वतन्त्र घूम रहे हैं। ये प्रश्न उठ रहे हैं कि सरकार इन संदिग्धों तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए ढाल का काम क्यों कर रही है?

- **कोलकाता के पुलिस कमिश्नर ने प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर्स के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की और स्वीकार किया कि पीड़िता का शव मिलने के बाद घटना स्थल की सुरक्षा करने व मामले की जाँच करने में पुलिस पूरी तरह से विफल हो गई है।**
- **जूनियर डॉक्टर्स मंगलवार को भी दिनभर सड़क पर बैठे रहे, उनकी माँग थी, कमिश्नर इस्तीफा दें।**
- **कमिश्नर से मुलाकात के बाद जूनियर डॉक्टर्स ने धरना तो खत्म कर दिया, पर, कहा कि न्याय मिलने तक विरोध प्रदर्शन व आंदोलन जारी रहेगा।**
- **इसी बीच ममता बनर्जी एक बिल लाई है, जिसमें रेप के अपराधी को त्वरित दंड का प्रावधान है। पर, जनता पर उनके इस कदम का असर नहीं हो रहा, क्योंकि रेप के मामलों में ममता बनर्जी का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत खराब है और रेप पीड़िताओं के प्रति उनकी सोच बेहद निंदनीय रही है।**

ज्यादातर लोग इस समय विद्रोह के मूड में हैं तथा संदिग्धों की गिरफ्तारी की माँग कर रहे हैं। लोगों ने पास एरिया से लगे हुए पूर्वी महानगरों में असाधारण रूप से लम्बी मानव श्रृंखला आयोजित की।

इस बीच, राज्य सरकार रेप के अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाने के लिए एक विधेयक लाई है। यह विधेयक ममता बनर्जी ने पेश किया। लेकिन सरकार के इस कदम का लोगों पर कोई खास प्रभाव नहीं हुआ है क्योंकि रेप-केसों की हैन्डलिंग में मुख्यमंत्री का ट्रैक-रिकॉर्ड बहुत अन्यायूर्ण ही रहा है।

आज डॉक्टरों ने अपने दिन की शुरूआत सुबह 5 बजे राष्ट्रगान से की। जूनियर डॉक्टरों के साथ राष्ट्रगान में शहर के कुछ अत्यधिक ख्यातिप्राप्त डॉक्टर भी शामिल थे। जब विरोध-प्रदर्शन करने वाले ये लोग राष्ट्रगान गा रहे थे तो बैरिकेड्स के दूसरी ओर खड़े पुलिसकर्मियों को भी उनके साथ "सावधान" की स्थिति में खड़ा होना पड़ा।

बंगाल सरकार तथा पुलिस किंकर्तव्यविमूढ़ हैं कि उच्च शिक्षा प्राप्त इन जूनियर डॉक्टरों द्वारा अत्यधिक सभ्य एवं शालीन तरीके से किए जा रहे विरोध के प्रति आखिर क्या प्रतिक्रिया दें। पुलिस ने लोहे की बड़ी-बड़ी छड़ों की चेन बनाकर एक फुट ऊँची दीवार खड़ी कर दी है तथा उसकी सुरक्षा के लिये बड़े-बड़े ताले लटका दिए हैं।

इसके अतिरिक्त, त्रिस्तरीय सुरक्षा के लिए लोहे के दण्ड तथा रेल लाइनें लगाई गई हैं जो मोटी-मोटी साँकलों से उसी प्रकार बाँध दी गई हैं तथा ऊपर ताले लगा दिए गए हैं।

लोहे की दीवारों के पुलिस बैरिकेड्स तथा सशस्त्र पुलिसकर्मियों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जूनियर डॉक्टर वहाँ के जाने-माने कवि काज़ी नज़रूल इस्लाम के प्रसिद्ध गीत को गाते रहते हैं, जिसका भावार्थ है-"जेलों की लोहे की दीवारों को तोड़ दो, स्वतन्त्र हो जाओ।"

## अन्तर्राष्ट्रीय निवेश लाने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को आयोजित हो रही "राइज़िंग राजस्थान" समिट प्रदेश में निवेश के नए द्वार खोलेगी।

उन्होंने कहा कि समिट के माध्यम से निवेशकों को न केवल प्रदेश की औद्योगिक विकास क्षमता से रूबरू होने का अवसर मिलेगा, अपितु वे विकसितराजस्थान की यात्रा में मजबूत साझेदार बन सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि समिट में निवेश के लिए भाग लेने वाले प्रतिभागी देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। रोड-शो एवं अन्य निवेश संबंधी गतिविधियों के संदर्भ में सामंजस्य स्थापित करने के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये जाएं। उन्होंने कहा कि इस इन्वेस्टमेंट समिट का उद्देश्य देशी-विदेशी कंपनियों, अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना है।

बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अठावाल, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, प्रबन्ध निदेशक रीको शिवप्रसाद नकाते सहित उच्च अधिकारी मौजूद थे।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908